चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 196 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 जनवरी 2025
गुरुवार

आज का मौसम
26 अधिकतम
9 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

# सर्दी का सितम: आज 9 जिलों में कोल्ड डे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस बार जनवरी में कड़ाके की ऐसी ठंड लौटी है कि लोग दिन में और धूप में भी कांप रहे हैं। शहरों गांवों में अलाव जल रहे हैं। इस साल जनवरी में पहली बार इतनी भीषण सर्दी पड़ी है। इकलौते हिल स्टेशन पचमड़ी में पारा रिकॉर्ड 0.2 डिग्री पर पहुंचा तो भोपाल में 10 साल का रिकॉर्ड टूटा है। अब आज भी ऐसी ही ठंड का दौर रहेगा। भोापल में ही सुबह आठ बजे पारा दस डिग्री पर था। आज प्रदेश के 9 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट है। वहीं, सुबह करीब 20 जिलों में कोहरा छाया। बर्फीली हवा चलने से प्रदेश के शहरों में दिन-रात कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछली 2 रातों से पारा काफी नीचे लुढ़का है। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फ पिघल रही है। जिससे हवा की रफ्तार भी तेज हो गई है। जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा है। इस बार पूरी जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है। जनवरी के पहले सप्ताह में भी कड़ाके की ठंड पड़ी थी। अब दूसरा दौर शुरू हुआ है।

अगले 3 दिन ठंड और बरसातः आज 10 जनवरी को अशोकनगर,गुना और श्योपुर में तेज ठंड के बीच बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं।

## अभी राहत के आसार कम, बारिश के ज्यादा

**11 जनवरी–** ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान है।

**12 जनवरी–** दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और डिंडौरी में बारिश होने के आसार है।





# शहर में आग, हॉलीवुड स्टार्स के बंगले हुए खाक

## उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का बंगला भी खाली कराया, लॉस एंजिलिस में कोहराम

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अमेरिका में कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस के जंगलों में लगी आग अब बेकाबू होकर शहर तक पहुंच गई है। इस आग से अब तक 4,856 हेक्टेयर इलाका प्रभावित हुआ है। वहीं करीब एक हजार इमारतें पूरी तरह जल गई हैं और 28 हजार घरों को भारी नुकसान पहंचा है। जंगल में फैल रही आग आग से अब 5 लोगों की मौत भी की भी खबरें हैं।आलम यह है कि आग से लॉस एंजिलिस शहर के पॉश इलाके पैलिसेडेस में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले जल गए हैं। मार्क हैमिल, पेरिस हिल्टन, जेमी ली कर्टिस, मैंडी मूर, मारिया श्राइवर, एश्टन कुचर , जेम्स वुड्स और लीटन मेस्टर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के घर आग की चपेट में हैं। कई सेलिब्रिटीज को घर छोड़कर चले गये हैं। आग की वजह से लॉस एंजिसिल के ब्रेटनवुड इलाके में बने उपराष्टपति कमला हैरिस के घर को भी खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। लॉस एंजिलिस अमेरिका का सबसे ज्यादा आबादी वाला काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। प्रसिद्ध हॉलीवुड के नाम पर ही यहां की फिल्म इंडस्ट्री का नाम पड़ा है। शहर में करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। तीन लाख लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया है। इस आग को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। हेलिकॉप्टरों और विमानों से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन तूफानी हवाओं के चलते आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। हवाओं की दिशा बदलने की वजह से भी आग लगातार अलग-अलग जगहों पर फैल रही है। प्रभावित इलाके में तैनात रेस्क्यू टीम हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रही है। स्थानीय स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सुरक्षित जगहों को इमरजेंसी शेल्टर के रूप में तैयार किया गया है। आग से न सिर्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर हानि हो रही है।

## कई दिनों से जारी जद्दोजहद अंतिम दौर में, जल्द घोषित होंगे जिला अध्यक्ष

# मुख्यालय का घमासान जिलों में शिफ्ट मप्र भाजपा को दिल्ली से मिला फॉर्मूला

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची को अब नए मॉडल के साथ जारी करने का दिल्ली फार्मूला भोपाल पहुंचा है। अब जिलाध्यक्ष का नाम प्रदेश कार्यालय से नहीं बल्कि जिलों में नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी और पर्यवेक्षक जिले के पदाधिकारियों की बैठक में घोषित होगा। आज प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा जिलों के तमाम प्रभारियों के साथ वचुर्अल बैठक कर रहे हैं। सीएम यादव भी इसमें वर्चुअली जुड रहे हैं। बताया जाता है कि आज इस मामले को सुलझाने और देर रात तक या कल जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कराने की योजना है। ज्यादा बवाल से बचने के लिये ही गेंद जिलों के पाले में डाली गई है।

दिल्ली में दो दिनी मंथन के बाद संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मप्र के संगठन चुनाव पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी और आगे की रणनीति बनाई। माना जा रहा है कि भाजपा के ही कई बडे व दिग्गज नेताओं ने अपने प्रभाव के जिलो में जिलाध्यक्षों को लेकर 'वीटो' लगा रखा है, वहीं कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कुछ प्रभावी नेता यहां भी जिलाध्यक्षों के मामले में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इससे ग्वालियर चंबल, इंदौर, बुंदेलखंड, नर्मदापुरम संभाग में रस्साकशी बढी है। दूसरी तरफ संघ से आए कुछ नाम भी दावेदारों के बीच टकराव पैदा कर रहे हैं। जानकार सूत्र बताते हैं कि अब जिलाध्यक्ष का नाम सहमति के साथ तय करने के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और पर्यवेक्षक अपने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, विधायक, पूर्व विधायक, सांसदों की बैठक बुलाएंगे। जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक में पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी औपचारिक रूप से जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करेंगे। जितने जिलों के अध्यक्ष घोषित होंगे उन सबकी सूची और फोटो के साथ प्रदेश कार्यालय से बाद में सूची जारी होगी।




उल्लेखनीय है कि भाजपा ने पहले तो जिलों में रायशुमारी की प्रक्रिया पूरी कराई थी। इसके बाद 3 जनवरी को जिला निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ रायशुमारी की टेबुलेशन शीट और पैनल पर चर्चा भी कर ली थी। लेकिन, पीथमपुर मामले में सरकार और संगठन के पदाधिकारी मामले को डैमेज कंट्रोल में लगे तो मामला कुछ दिन टल गया। इसके चलते जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर नेताओं के बीच अंतिम चर्चा में देरी बढ़ती रही। स्थानीय नेताओं में जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर मची खींचतान और वर्तमान जिलाध्यक्षों को रिपीट करने पर भी सहमति नहीं बन पा रही है। ज्ञात हो कि पहले 5 जनवरी को सूची जारी होने की तारीख तय हुई लेकिन तब तक पेंचबाजी इतनी बढ गई कि मामला दिल्ली ले जाना पड़ा।

## लाडली बहना योजना में कम होंगे नाम!

इधर, सरकार की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 1 लाख 63 हजार महिलाओं को इस बार 1250 रुपए की किस्त नहीं मिलेगी।इसकी वजह यह बताई जा रही है कि महिलाओं की उम्र 60 साल से अधिक हो चुकी है। ऐसे में महिला और बाल विकास विभाग ने इन्हें अपात्र मान रहा है।लिहाजा इस माह 1.26 करोड़ महिलाओं को ही 1250 रुपए मिलेंगे। इससे पहले दिसंबर में लगभग 1.28 करोड़ महिलाओं के खाते में 1572 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। विभाग बीसवीं किस्त बांटने की तैयारी कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि सरकार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के दिन आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों के दौरान राशि ट्रांसफर कर सकती है। सरकार ने किस्त देने के लिए 31 दिसंबर 2024 को 5 हजार करोड़ का कर्ज भी ले लिया है, जिसका भुगतान सरकार को एक जनवरी 2025 को हो गया है।



# अप्रवासियों के दिल में धड़कता है भारत, गर्व से ऊंचा होता है सिर: प्रधानमंत्री

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में कहा कि अप्रवासी जहां जाते हैं उसे अपना बना लेते हैं। इसके बावजूद उनके दिल में हमेशा भारत धड़कता है। इसी के चलते दुनिया में मेरा सिर ऊंचा रहता है। इस समारोह को त्रिनिनाद और टोबैगो की राष्टपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए 70 देशों से 3 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं। यह सम्मेलन 10 जनवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डाइसपोरा को भारत का राष्टदूत माना है। मुझे खुशी होती है जब दुनिया में आप सभी साथियों से बात करता हूं। बीते दस साल में मेरी दुनिया के अनेक लीडर से मुलाकात हुई है। अपने देश के भारतीय डाइसपोरा की बहुत प्रशंसा करता है।

# 1100 फीट ऊंचे चिनाब पुल पर दौड़ी ट्रेन, ट्रायल सफल

**नई दिल्ली।** जम्मू-श्रीनगर रेलवे लाइन जल्द ही चालू होने के लिए तैयार है, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट में यह दावा किया है। दरअसल, सबसे चुनौतीपूर्ण कटरा-बनिहाल ट्रैक पर ट्रायल ट्रेन का सफल परीक्षण किया गया है। ये ट्रेन करीब 1100 फीट से ज्यादा ऊंचे चिनाब पुल पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ी। कटरा से बनिहाल तक का ये रेल ट्रैक काफी चुनौतियों से भरा है। ये 180 डिग्री की चढ़ाई वाला ट्रैक है। ट्रायल ट्रेन सुबह 10.30 बजे कटरा स्टेशन से रवाना हुई थी। और तेज रफ्तार से भागते हुए महज डेढ़ घंटे में बनिहाल स्टेशन पहुंच गई।

# गूगल ने दिया गच्चा, पुलिस टीम को बंधक बनकर गुजारनी पड़ी रात

**गुवाहाटी।** असम में छापा मारने जा रही पुलिस की एक टीम को गूगल मैप ने नगालैंड में पहुंचा दिया। इस दौरान ज्यादातर पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में ही थे इसलिए वहां के लोगों ने पुलिस की टीम को मॉडर्न हथियारों के साथ देखा तो उन्हें बदमाश समझ लिया और उन पर हमला कर उन्हें बंधक बना लिया। एक अधिकारी ने बताया कि असम पुलिस की 16 सदस्यीय टीम छापेमारी के दौरान गूगल मैप द्वारा दिखाए जा रहे रूट को फॉलो करते हुए अनजाने में नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई। जोरहाट जिला पुलिस की एक टीम एक आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। ये एक चाय बागान क्षेत्र था, जिसे गूगल मैप्स पर असम में दिखाया गया।

## मेट्रो एंकर

### दोनों बेटों के साथ मिलकर कंपनी को उबार रहे, लौट रही साख

# 18000 करोड़ का कर्ज चुकाकर बाजार को चौंकाया, अनिल की वापसी

**मुंबई, एजेंसी**

एक समय के चर्चित उद्योगपति अनिल अंबानी अब लंबे बुरे दौर के बाद धीरे-धीरे पुराने दिनों की तरफ लौट रहे हैं. उनकी पटरी से उतरी गाड़ी चल पड़ी है तभी तो उनकी कंपनियां दिन पर दिन अपने कर्ज को कम करने में लगी हैं. साल के पहले ही दिन अनिल अंबानी की एक और कंपनी ने करीब 1286 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने का ऐलान किया है। रिलायंस पावर की सब्सडियिरी कंपनी सासन पावर लिमिटेड ने ब्रिटेन के आईआईएफसीएल के 150 मिलियन डॉलर ( 1286 करोड़) के लोन भुगतान कर दिया है। इससे कंपनी रिलायंस पावर की बैलेंस शीट मजबूत हो रही है। हालिया निवेश से कंपनी को तेजी से बढ़ते हुए रिन्यूएबल एनर्जी मार्केट में ग्रोथ के मौके का फायदा उठाने की स्थिति में लाया जा सकेग।सासन पावर मध्य प्रदेश के सासन में 3,960 मेगावाट का अल्ट्रा-मेगा पावर प्लांट संचालित करती है, यह दुनिया का सबसे बड़ा इंट्रीग्रेटेड कोल-बेस्ड पावर प्लांट है। यह कई राज्यों को सबसे कम दर पर बिजली देती है।




कभी दुनिया के शीर्ष अरबपतियों की लिस्ट में रहने वाले अनिल अंबानी कोविड महामारी के दौरान अपने सबसे बुरे दौर से गुजरे। उनके खराब वक्त का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें कर्ज चुकाने के लिए पत्नी के गहने तक गिरवी रखने पड़े।. लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अब फिर से दमदार तरीके से वापसी करने में जुटे हुए हैं। इस जर्नी में दोनों बेटे भी पूरा साथ दे रहे हैं। बेटा जय अनमोल अंबानी, जय अंशुल अंबानी से लेकर बहू कृषा शाह भी परिवार के बिजनेस को आगे ले जाने के लिए जुटे हैं। अनिल की इस कंपनी पर जून 2024 तक 17,812 करोड़ रुपये का कर्ज था। जिसे उन्होंने नए साल शुरू होती ही पूरी तरह से खत्म कर दिया। उनकी रिलायंस इंफ्रा ने भी करीब 87 प्रतिशत कर्ज का भुगतान कर दिया है. पिछले दिनों रिलायंस कैपटिल को निप्पॉन का निवेश मिलने के बाद रिलायंस पावर के कर्जमुक्त होने की खबर आई थी. दोनों कंपनियों के तेजी से कर्ज कम होने का असर यह हुआ कि रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा के शेयर में तेजी देखी गई।

## बेटों ने बुरे वक्त में दिया पूरा साथ

अनिल अंबानी के दोनों ही बेटे जय अनमोल अंबानी और जय अंशुल अंबानी ने उनके बुरे वक्त में पूरा साथ निभाया. दोनों की मेहनत और निवेशकों का भरोसा अंबानी के बिजनेस पर रंग ला रहा है। उनके बेटों की काबिलियत के दम पर मीडिया ने दोनों को अनमोल रत्न नाम से पुकारना शुरू कर दिया है। कड़ी मेहनत के दम पर छोटे अंबानी के बड़े बेटे अनमोल अंबानी ने अपने बिजनेस की नेटवर्थ पहले ही 2000 करोड़ के पार पहुंचा दी है. अंबानी की कंपनि?यों के कर्ज कम करने और नए ऑर्डर हासिल करने के पीछे बेटे, जय अनमोल अंबानी और जय अंशुल अंबानी का ही हाथ बताया जा रहा है. दोनों बेटे लाइमलाइट से दूर रहकर चुपचाप अपना काम करने में जुटे हुए हैं।

# जीएसटी आत्क पर कांग्रेस आज देशभर में हमलावर

**नईदिल्ली।** कांग्रेस ने सरकार के वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी को आतंक करार देते हुए इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और पार्टी के नेता देश के क्ख् शहरों में जीएसटी के आत्क के विभिन्न बिंदुओं का खुलासा कर रहे हैं। भोपाल में टीएस सिंहदेव इसे लेकर मुखातिब हुए ।कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेडा ने जानकारी देते हुए कहा कि आज दोपहर देश के बडे शहरों में पार्टी के नेता जीएसटी के आतंक का प्रेस वार्ता को के माध्यम से खुलासा करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेत गौरव गोगोई जोरहाट असम, प्रवीण चक्रवर्ती विजयवाडा आंध्र प्रदेश, शत् सिंह गोहिल दिल्ली, मोहन कुमार मंगलम अहमदाबाद गुजरात, जय नारायण व्यास सूरत् गुजरात,



# बड़े तालाब के भीतर है क्या सचमुच एक प्राचीन शहर!

**सर्वे की मांग ने पकड़ा जोर, 15 साल पहले भी तैयार हुआ था प्रस्ताव**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी के मशहूर बड़ा तालाब के भीतर क्या वाकई कोई पुराना शहर है? यह सवाल व जिज्ञासा अचानक जोर पकडने लगी है। इस ताल की अथाह जलराशि में यदि सचमुच कोई प्राचीन नगर डूबा है या नहीं इसे जानने के लिये करीब पंद्रह साल पहले भी बात चली थी और अब भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने संसद की स्थायी समिति को इस बारे में एक प्रस्ताव दे दिया है। शहरी मामलों की स्थायी समिति की बैठक में शर्मा ने पानी के भीतर सर्वेक्षण कर इस धरोहर को सामने लाने की जरूरत बताई है। शर्मा ने मानना है कि इस तालाब के किनारों पर दो बुर्ज और प्राचीन दीवारों के रूप में उस नगर के अवशेष अब भी मौजूद हैं। इसको लेकर वैज्ञानिक अध्ययन और खोज कराई जानी चाहिए, ताकि भोपाल की विरासत पर पड़ा पर्दा उठ सके। बताया जा रहा है कि वर्ष 2009-10 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के भोपाल वृत्त ने तालाब में डूबे महल और किले के अवशेष की तलाश के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया था। इस बारे में शर्मा का कहना है कि भोपाल राजा-महाराजाओं की नगरी रही है। यहां 11वीं सदी की धरोहरें हैं। प्राचीन काल से ही इस शहर का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। इनका संरक्षण, संवर्धन और सुंदरीकरण किया जाना चाहिए। तालाब में ऐसी धरोहरों के अवशेष मौजूद हैं, जिनको लेकर कई वर्षों से दावे किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ ही इतिहासकार भी समय-समय पर मांग उठाते रहे हैं। इसकी खोज होना बहुत जरूरी है। कई पुरातत्वविद बताते हैं कि इसमें वैदिक नगर बसा हुआ था। गोंड कालीन किले की दीवारें व बुर्ज भी इसके किनारे पर दिखाई देते हैं।

## शहरी विशिष्टताओं को उभारने का आग्रह



राजधानी में शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए क्रेडाई भोपाल ने प्रभावी कदम उठाए हैं। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला और आयुक्त भरत यादव से मुलाकात की। इन मुलाकातों का मुख्य उद्देश्य रियल एस्टेट विकास के लंबित समाधानों और भोपाल को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में ठोस पहल करना था।क्रेडाई ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सुझाव दिया कि इस आयोजन में भोपाल की सांस्कृतिक और शहरी विशिष्टताओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। भोपाल की छवि को निखारने के प्रयासों किए जाने पर विशेष जोर दिया गया।प्रमुख सचिव शुक्ला व यादव ने क्रेडाई के सुझावों पर आश्वासन दिया कि बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए इन सुझावों को शहरी विकास की नीतियों में समाहित कर राज्य में शहरी विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा, हमारा उद्देश्य राजधानी को वैश्विक विकासोन्मुख शहरों की श्रेणी में लाना है। सरकार के सहयोग से यह प्रयास सफल होगा।

## साहित्य नगरी बनेगा भोपाल

साहित्य, कला और संस्कृति का केंद्र रहा भोपाल अब 'क्रिएटिव सिटी नेटवर्क' में शामिल होने के लिए प्रयासरत है। यह डोजियर भोपाल की सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक योगदान और कला के प्रति प्रेम को विश्व पटल पर ले जाने की दिशा में एक अहम कदम है। क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा है कि इस पहल से हमारी साहित्यिक धरोहर को नई पहचान मिलेगी और हमारी विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाएगा। दरअसल इसके लिये यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित करने के प्रयास शुरू हुए हैं। इससे भोपाल की साहित्यिक विरासत दुनिया के सामने आएगी। गत दिवस इस बाबत संगोष्ठी भी हुई। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध भोपाल को यूनेस्को में विश्व साहित्य नगरी के रूप में पहचान दिलाई जाएगी। मंत्री की मौजूदगी में महापौर मालती राय ने यूनेस्को को भेजे जाने वाली एप्लिकेशन और डिक्लरेशन पर हस्ताक्षर किए।

# प्रोस्टेट निकालने से मरीज को मिलती है लंबी जिंदगी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित एम्स के डॉक्टरों ने प्रोस्टेट कैंसर पर इलाज के लिये नया शोध किया है। इसमें पाया गया है कि नए तरीके से इलाज से अब काफी हद तक इस रोग पर काबू पाया जा सकता है। अध्ययन ने साबित कर दिया है कि अगर कैंसर स्थानीय स्तर पर फैल चुका है, तो प्रोस्टेट को निकालने से मरीज लंबा जीवन जी सकते हैं।




**एम्स की स्टडी**

जानकारी के मुताबिक, इस शोध में शामिल तीस मरीजों को प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए रेडिकल प्रॉस्टेटेक्टमी (प्रोस्टेट को पूरी तरह से निकालना) किया गया। इस इलाज से न केवल कैंसर को नियंत्रित किया गया, बल्कि मरीजों का जीवन भी बेहतर होता पाया गया। जब तीन महीने बाद, इन मरीजों में पीएसए यानि प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन के स्तर में जबरदस्त गिरावट देखी गई, जो कैंसर के नियंत्रण का संकेत है। लिहाजा शोधकर्ताओं ने माना कि सही विधि और समय पर इलाज से कैंसर के खिलाफ जीत हासिल की जा सकती है इससे मरीजों को लंबा और स्वस्थ जीवन मिल सकता है। इस शोध का नेतृत्व डॉ. कुमार माधवन, डॉ. देवाशीष कौशल, डॉ. केतन मेहरा और डॉ. निकिता श्रीवास्तव ने किया, और यूरोलॉजी विभाग में रेजिडेंट डॉ. उदीत खुराना ने इसे अंजाम दिया।

# अयोध्या में राजधानी का डमरू दल फिर देगा प्रस्तुति



## प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर समारोह

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

धार्मिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति अब आगामी 11, 12 और 13 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्रस्तुति देने जा रही है। इसके लिए बकायदा आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर किया जा रहा है। राजधानी भोपाल से 108 सदस्यीय डमरू दल कल रात बस से अयोध्या के लिए रवाना हुआ है। टीम के सदस्यों ने इससे पूर्व जमकर रिहर्सल की है। गौरतलब है कि 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा और बलिदानों के बाद गत वर्ष 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मंदिर में आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव में भी बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति को बुलाया गया था। जहां डमरू दल ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इस बार भी समिति को यह अवसर मिला है। समिति के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य इस आयोजन के लिए काफी उत्साहित हैं और वे अयोध्या में अपने धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर उन्हें देशभर से प्रशंसा और आशीर्वाद मिल रहा है।

# हनुमानजी निकलेंगे नगर भ्रमण पर, प्रभारी नियुक्त

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।



संतनगर के नुक्कड़ वाली माता मंदिर में हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 17 से 23 जनवरी तक चलेगा। समारोह में 19 जनवरी को नगर भ्रमण निकलेगा। आयोजन समिति ने बताया है कि नगर भ्रमण का प्रभारी अनीता मिश्रा को बनाया गया है। सह प्रभारी भाजपा मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारतीय मूलचंदानी, पार्वती पांडे, दीपाली दुबे, अनीता बाथम, संध्या सोनी, हनी त्यागी, शकुंतला शर्मा, निर्मल सोनी, आरती द्विवेदी, पूनम शर्मा, चंदा लोधी, निर्मल सोनी को बनाया गया है। नगर भ्रमण माता मंदिर से शुरू होगा, जिसमें सिर पर कलश रखकर महिलाएं चलेंगी। श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, हनुमानजी मूर्ति को नगर भ्रमण कराया जाएगा। नगर भ्रमण कालिका मंदिर से होते हुए नुक्कड़ वाली माता मंदिर पूरा होगा। समारोह के लिए विशिष्ठजनों को पंडित रवि पटेरिया ने आमंत्रण पहुंचाए हैं। कार्यक्रम के सूत्रधार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता विशाल पुरोहित, कांग्रेस नेता विष्णु विश्वकर्मा ने श्रद्धालुओं से प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

# तापमान में गिरावट



भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी समेत पूरे प्रदेश में ठंड ने पुराने रेकॉर्ड तोड़े। राजधानी में एक दिन में 5.4 डिग्री की गिरावट के साथ 14 साल बाद जनवरी में पारा 3.6 डिग्री पहुंच गया।

# रात को ठंड से ठिठुर रहे लोगों को ओढ़ा रहे कंबल, दे रहे



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

अर्श फाउंडेशन द्वारा सर्दी में जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया जा रहा है। फाउंडेशन के सदस्य रात्रि 12 बजे के बाद भोपाल की सड़कों पर अलग-अलग टीम बनाकर निकलते हैं और खुले में सो रहे लोगों को कंबल उड़ाते हैं। फाउंडेशन का यह अभियान 18 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है। अभियान में फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य महिमा द्विवेदी, शिवम गोहदिया, सतीश कुशवाहा, शिवांश गुप्ता और सदस्य विकास अहिरवार, इशांक सक्सेना, कार्तिक वर्मा, अमित दास, अखिलेश अग्रवाल, आदित्य वर्मा, जय रैकवार, आयुष गोहदिया, अमित भटनागर, अभय पटेलऔर अंकित जोशी अपना योगदान दे रहे हैं ।

**मेट्रो एंकर** | सिंधियों की समस्याओं को लेकर सिलवास में सम्मेलन

# अभी तक सम्मेलनों में सिंधियों की समस्या पर मंथन बहुत हुआ, लेकिन निदान नहीं हुआ

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

विश्व सिंधी सेवा संगम का सातवां इंटरनेशनल सम्मेलन गुजरात के समीप सिलवासा में 9 से 12 जनवरी तक चलेगा, जिसमें भारत के दो सिंधी सांसद लोकसभा सदस्य शंकर लालवानी इंदौर एवं मुम्बई के राज्य सभा सदस्य महेश जेठमलानी के अलावा देशभर के लगभग सात सिंधी भाषी विधायक शामिल होने जा रहे हैं। दुबई के समाजसेवी वासू शर्राफ, समाजसेविका आशा चांद सहित देश विदेश की तमाम सिंधी भाषी हस्तियां भी सम्मेलन में शिरकत कर रही हैं। संगम के संस्थापक अध्यक्ष मुम्बई के समाजसेवी राजू मनवानी ने सम्मेलन को आकार दिया है। सम्मेलन में लगभग एक हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे।

सम्मेलन के मौके पर सिंधी समाज की कई संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी सुरेश जसवानी ने कहा, समय-समय पर सम्मेलन हुए, सिंधियों की समस्याओं को लेकर लंबे चौ? भाषण हुए, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। जसवानी ने कहा कि गुरूवार से सिलवासा में आयोजित चार दिवसीय सम्मेलन पर देशभर के सिंघियों की निगाहें टिकी हैं, शायद समस्याओं को लेकर चमत्कार हो?

## याद दिलाईं यह बातें

- आजादी के तत्काल बाद से ही भारत में पृथक सिंधी प्रांत की मांग की गई, जो आज तक जारी है। इसके लिए मूमेंट में देश के अनेक सिंधी बुद्धिजीवी जुटे, लेकिन कुछ नहीं हुआ।
- भोपाल में 31 मार्च 2023 को भारतीय सिंधु सभा के हुए सम्मेलन में तमाम घोषणाएं सिंधी समाज के लिए की गई, लेकिन पूरी नहीं हुईं।
- केन्द्र एंव प्रदेश सरकारों ने सिंधी लिपि को रोजगार से जो?ने की कोशिश नहीं की। कक्षा 12वीं सिंधी लिपि से करने वाले को नौकरी की मांग पूरी नहीं हो सकी है।
- सिंधियों को आबादी के हिसाब से नगरीय निकाय, विधानसभाओं और लोकसभा में टिकट की अपेक्षा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।
- विभाजन के समय हिन्दुस्तान में आए सिंधियोंको पुनर्वास विभागने दुकान, मकान एवं भूखंड आवंटित किए गए, लेकिन मालिकाना हक और लीज नवीनीकरण अटका हुआ है।
- केन्द्र सरकार की सिंधी भाषा विकास परिषद और मध्यप्रदेश सिंधी अकादमी का बजट ब?ने की बाते हुईं, लेकिन घटी हैं।

## देशभर के सरकारी महकमों के बीच प्रतिस्पर्धा

# ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने वाले नवाचरों को पुरस्कृत करने नामांकन शुरू

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार के का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग ने ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार हेतु नामांकन 15 फरवरी तक मांगे हैं। केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्य, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों, जिलों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों द्वारा नामांकन किया जा सकता है। यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुछ नवीनतम तकनीकों पर विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए 28वें ई-गवर्नेंस राष्ट्रीय सम्मेलन - एनसीईजी सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार के तहत पुरस्कार की 6 श्रेणियों के तहत केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश सरकारों, जिलों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक तथा शोध संस्थानों को 16 पुरस्कार है। जिसमें इस बार 10 गोल्ड, 6 सिल्वर पुरस्कार शामिल हैं। एमपीपोस्ट के मुताबिक जिन श्रेणियों में नामांकन आमंत्रित किए गए हैं, वे हैं- डिजिटल परिवर्तन के लिए उपयोग द्वारा सरकारी प्रक्रिया पुनः अभियांत्रिकी, केंद्रीय स्तर की पहल- राज्य, केंद्र शासित प्रदेश की पहल,नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए एआई- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और अन्य नए युग की तकनीकों के उपयोग द्वारा नवाचार, सवश्रेष्ठ ई-गवर्नेंस अभ्यास, साइबर सुरक्षा में नवाचार, स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत या समकक्ष पारंपरिक स्थानीय निकायों द्वारा पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए सेवा वितरण को गहरा करने के लिए जमीनी स्तर की पहल, सफल परियोजनाओं जैसे एनएईजी, उत्कृष्टता में प्रधानमंत्री पुरस्कार, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, जिले द्वारा अन्य मंत्रालयों द्वारा दिए गए पुरस्कारों की प्रतिकृति और स्केलिंग, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य व केंद्र शासति प्रदेशों में सरकारों द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म में डेटा एनालिटिक्स के उपयोग द्वारा डिजिटल परिवर्तन।

उल्लेखनीय है कि स्वर्ण पुरस्कार में विभाग,संगठन,संस्थान के लिए एक ट्रॉफी प्रमाण-पत्र और 10.00 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए एक प्रमाण-पत्र शामिल होगा। रजत पुरस्कार में विभाग,संगठन,संस्थान के लिए एक ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए एक प्रमाण-पत्र शामिल होगा।

## कुंजीलाल राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ की प्रबंध समिति का गठन हुआ





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राज्य सरकार ने कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ की प्रबंध समिति का गठन किया है। इसमें मनासा से विधायक अनिरुध्द मारू को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं सदस्य के तौर पर पूर्व विधायक जीतू जिराती और वरिष्ठ पत्रकार व दोपहर मेट्रो के प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया का मनोनयन हुआ है। इस समिति में वित्त,उच्च शिक्षा,सामान्य प्रशासन,नगरीय विकास व संसदीय कार्य विभाग के अपर मुख्यसचिव या प्रमुख सचिव पदेन सदस्य होंगे तथा विद्यापीठ के महानिदेशक सदस्य सचिव होंगे। उल्लेखनीय है कि संसदीय विद्यापीठ संसदीय कार्यविभाग के अधीन है।

## अब एनडीडीबी चलाएगा 1 दुग्ध महासंघ व 6 सहकारी दुग्ध संघ, लेकिन ब्रांड सांची ही रहेगा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र सहकारी दुग्ध महासंघ व 6 सहकारी दुग्ध संघों का संचालन अब राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड करेगा। यह प्रदेश में 9 हजार सहकारी समितियां खोलेगा। इनमें दूध का एकत्रिकरण किया जाएगा। यह दूध प्लांटों में लाया जाएगा, यहां इसकी प्रोसेसिंग होगी। इसे विपणन के लिए तैयार किया जाएगा। देश–विदेश में इसकी बिक्री होगी। इस काम से मप्र के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को पूरा सहकारी सेक्टर दे दिया है हालांकि बोर्ड सांची ब्रांड का नाम नहीं बदल पाएगा। असल में उत्तरप्रदेश व राजस्थान के बाद मप्र दूध उत्पादन करने वाला तीसरा सबसे बड़ा राज्य है लेकिन उत्पादित दूध का बड़ा हिस्सा निजी हाथों में है, जिसकी वजह से उपभोक्ता, किसान व युवाओं को लाभ नहीं हो पा रहा है। अब केंद्र का राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड उत्पादित दूध को सहकारी क्षेत्र के दायरे में लाएगा। इसके लिए 1500 करोड़ का निवेश किया जाएगा।




### केंद्र व राज्य 1500 करोड़ खर्च करेगा, 9000 सहकारी समितियां खोलेगा

#### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ये करेगा

- 9 हजार सहकारी समितियां खोली जाएंगी। ये 18 हजार गांवों को कवर करेंगी। अभी 6 हजार समितियां हैं।
- प्रतिदिन 20 लाख किलोग्राम दूध का संकलन किया जाएगा।
- अभी 7 लाख पैकेट दूध की रोजाना विक्री हो रही है, जिसे 15 लाख पैकेट किए जाएगा।
- अभी 6 सहकारी दुग्ध संघों की कुल क्षमता 18 लाख लीटर है, जिसे 30 लाख लीटर किया जाएगा।
- दूध बेचने वाले सदस्यों की सालना आय 1700 करोड़ से बढ़ाकर 3500 करोड़ की जाएगी।

## अजमेर दरगाह के लिए भेजी चादर



**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने निवास पर अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम को अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज़ की दरगाह पर उर्स में पेश करने की चादर सौंपी। **- फोटो निर्मल व्यास**

## मैनिट में पीएचडी, 28 तक कर सकेंगे फार्म जमा

**भोपाल।** मैनिट में पीएचडी के लिए ऑनलाइन सेमेस्टर रजिस्ट्रेशन और डेस्क रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। इसके बाद लेट फीस 2500 रुपए के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 8 से 10 जनवरी तक किए जा सकेंगे। वहीं डेस्क रजिस्ट्रेशन फॉर्म 27-28 जनवरी को सबमिट करना होंगे। सभी संबंधित दस्तावेज जमा करना होंगे। रजिस्ट्रेशन नहीं करवाएंगे उनके फैलोशिप रोकी जा सकती है और एडमिशन भी रद्द किया जा सकता है।

## प्रोफेशनल कॉलेजों की फीस छह प्रतिशत तक होगी महंगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के प्रोफेशनल कॉलेजों में आगामी तीन सत्रों के लिए फीस में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने तय किया है कि कॉलेजों को हर साल 6 प्रतिशत महंगाई और 15 प्रतिशत डेवलपमेंट पर फीस में बढ़ोतरी मिलेगी। इसके अलावा, एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन) से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों और एनएबीएच या एनएबीएल (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर लैबोरेट्री) से मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त इनसेंटिव मिलेगा। पूर्व में यह 15 फीसदी दिया जाता था। ऐसे में इस बढ़ोतरी के बावजूद विद्यार्थियों पर फीस का भार 5 प्रतिशत तक कम होगा, जिससे छात्र-छात्राओं को कुछ राहत मिल सकेगी।

**बीएड और बीपीएड कॉलेजों को नहीं मिलेगा लाभ:** पारंपरिक प्रोफेशनल कोर्स जैसे बीसीआई (बार काउंसिल ऑफ इंडिया) और एनसीटीई (नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन) द्वारा संचालित बीएड, बीपीएड कॉलेजों को यह इनसेंटिव नहीं मिलेगा। इन कॉलेजों के लिए नैक मान्यता अनिवार्य है, जिसके कारण इनका फीस वृद्धि में कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा।

**अगले सप्ताह से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया:** फीस का यह नया स्टैक्चर आने वालों सत्रों के लिए लागू होगा। इसके लिए कॉलेजों को बैलेंस शीट देना होगी। बैलेंस शीट के अभाव में कॉलेजों की फीस तय नहीं की जाएगी। फीस कमेटी के ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया ने बताया कि कॉलेजों की फीस तय करने के लिए आवेदन प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू की जाएगी।

## गांव की बेटी व प्रतिभा किरण योजना के आवेदन हुए शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गाँव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक-सत्र में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। छात्राएं पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। सभी विश्वविद्यालय के कुलसचिवों एवं शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को सत्र में प्रवेशित छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश जारी दिए हैं।

## सतना एअरपोर्ट तैयार जल्द शुरू होंगी उड़ानें




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

लंबे इंतजार के बाद सतना एअरपोर्ट अब पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। यह एअरपोर्ट क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस नई पहल से पर्यटकों को सतना और इसके आसपास के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक पहुंचने में आसानी होगी। यहां से जल्द ही पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के तहत उड़ानों का भी संचालन शुरू किया जाएगा। हालाँकि, यहाँ से सप्ताह में दो दिन के लिए वायु सेवा का शेडूअल जारी कर दिया गया था, परन्तु सतना एअरपोर्ट के निकट भविष्य में उद्घाटन की वजह से वायु सेवा बुधवार एवं रविवार को सत्तना की जगह रीवा सिंगरौली से संचालित की जा रही है । पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य देश के पर्यटन स्थलों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करना है। सतना एअरपोर्ट से जुड़ने वाले रूट्स को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है ताकि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को अधिक सुविधाएं मिल सकें। . सतना एअरपोर्ट के चालू होने से आसपास के पर्यटन स्थलों, जैसे खजुराहो, चित्रकूट, और मैहर मंदिर तक पहुंचना सुगम होगा। यह क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, और अब देश-विदेश के पर्यटक आसानी से इन स्थलों की यात्रा कर सकेंगे।




## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था का मोर्चा

देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष में उस रफ्तार से शायद नहीं बढेगी जो उम्मीद की जा रही है। बल्कि यह 8.2 फीसदी की तुलना में इस वर्ष 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष में राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान से यह बात जाहिर हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का आकलन रिजर्व बैंक के 6.6 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है और यह कोविड के वर्ष यानी 2020-21 के बाद से अब तक का सबसे कमजोर आंकड़ा है। इसी तरह मुद्रास्फीति को हटाकर नॉमिनल वृद्धि दर 9.7 फीसदी रहने की उम्मीद है जबकि गत वित्त वर्ष में यह 9.6 फीसदी थी। अग्रिम अनुमानों की उत्सुकता से प्रतीक्षा थी क्योंकि दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही थी और इस आंकड़े से अधिकांश विश्लेषकों को झटका लगा था। इसके अलावा इसका इस्तेमाल वित्त मंत्रालय द्वारा बजट निर्माण के लिए भी किया जाना है। जाहिर है कि सरकार पहले अग्रिम अनुमानों से खुश नहीं होगी क्योंकि यह चालू वर्ष के साथ मध्यम अवधि के लिए भी चुनौतियां बढ़ाने वाले हैं। नॉमिनल स्तर पर अनुमान से कम वृद्धि का अर्थ यह है कि सरकार को व्यय कटौती करनी होगी ताकि राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 4.9 फीसदी के स्तर पर रखा जा सके। आम बजट में अनुमान लगाया गया था कि चालू वर्ष में नॉमिनल जीडीपी 10.5 फीसदी की दर से बढ़ेगा। हालांकि वास्तविक जीडीपी में अंतर बहुत अधिक नहीं होगा लेकिन कुछ कवायद की आवश्यकता होगी। जानकार मानते हैं कि राजस्व अनुमानों को भी संशोधित करके कम करना पड़ा तो मुश्किल बढ़ेगी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-नवंबर की अवधि में कुल राजस्व संग्रह बजट अनुमानों का 59.8 फीसदी था जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 65.3 फीसदी था। हालांकि बजट अनुमान की बात करें तो कुल व्यय भी पिछले साल की तुलना में कम है लेकिन अंतर काफी कम है। संभव है कि सरकार बजट में आवंटित पूंजीगत व्यय को पूरी तरह खर्च नहीं कर पाए। इससे उसे राजकोषीय घाटे को थामे रखने में मदद मिलेगी। चूंकि वित्त वर्ष में केवल चार महीने बाकी हैं तो सरकार के पास जरूरी बदलाव करने का समय है। लिहाजा देखना दिलचस्प होगा कि कवायद का संशोधित अनुमान में क्या असर नजर आता है। अगर पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक वर्ष की दूसरी छमाही में भी वृद्धि में सुधार नहीं होता है तो हालात जटिल हो सकते हैं। ऐसे में अगले साल और मध्यम अवधि के नजरिये से आगामी बजट की चुनौती होगी अर्थव्यवस्था को टिकाऊ उच्च वृद्धि की राह पर ले जाना। पहले भी अर्थशास्त्री कह चुके हैं कि वर्तमान आर्थिक मंदी की अगर पिछले सालों से तुलना की जाए तो यह कोई विसंगति नहीं बल्कि महामारी के बाद की तेज वृद्धि के बाद सामान्य स्थिति में वापसी है। वृद्धि का बहुत हद तक समर्थन किया जा रहा है। इसके लिए सरकारी व्यय बढ़ाया जा रहा है जिसके चालू वर्ष में जीडीपी के 3.4 फीसदी रहने का अनुमान है। उच्च वृद्धि कि लिए जरूरी है कि अर्थव्यवस्था के अन्य कारक प्रभावी हों। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कहा था कि सरकार एक आर्थिक नीति ढांचा तैयार करेगी ताकि अगली पीढ़ी के सुधारों की राह आसान हो। सरकार यह काम जितनी जल्दी करे उतना अच्छा होगा। चूंकि निकट भविष्य में वैश्विक आर्थिक माहौल अनुकूल होता नहीं नजर आता लिहाजा घरेलू नीतियों की मदद से वृद्धि को गति प्रदान करनी होगी।

अहित कामना क्रोध की पराकाष्ठा है।
- प्रेमचन्द

## आज का इतिहास

- 2020 - भारतीय रिज़र्व बैंक ने केवाईसी नियमों में संशोधन किया। यह कदम बैंकों और ऋण देने वाले संस्थानों को दूर बैठे हुए ग्राहकों की पहचान करने में मदद करेगा।
- 2012- लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरे वर्ष फीफा का बैलोन डी ओर (सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर) पुरस्कार जीता।
- 2011- ईरान एयर की फ्लाइट नं 277 दुर्घटनाग्रस्त, 77 लोगों की मौत।
- 2010- सीबीआई ने हरियाणा सरकार द्वारा रुचिका मामले में जांच किए जाने का अनुरोध स्वीकार कर लिया।
- 2009- लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बेबी जान फाउंडेशन पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 2008- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने अपने मंत्रिमण्डल में नौ मंत्रियों को शामिल किया।
- श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के इलाके पर कब्ज़ा किया।
- 2007- जापान में पहला राज्य मंत्रालय गठित हुआ।
- 2005- अराफात को फिलिस्तीनी लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन के शीर्ष पद से हटाने के लिए चुनाव।
- 2001- बांग्लादेश में हिन्दुओं की सम्पत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर।
- 1991- अमेरिकी और इराकी प्रतिनिधियों की ओमान पर इराकी कब्जे के सम्बंध में जेनेवा शांति बैठक में मुलाकात।
- 1982- पहला भारतीय वैज्ञानिक दल अंटार्कटिका पहुंचा।
- 1970- सिंगापुर में संविधान अपनाया गया।
- 1941- यूरोपीय देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में छह हजार यहूदियों की हत्या।
- 1923- जुआन डि ला सिएर्वा ने पहली ऑटोगायरो फ्लाइट का निर्माण किया।
- 1918- रेड इंडियन और अमेरिकी सैनिकों के बीच अंतिम युद्ध बैटल ऑफ बियर वैली का आगाज़ हुआ।
- 1915- महात्मा गाँधी दक्षिण अफ़्रीका से भारत लौटे।

## निशाना

### क्या देते संदेश ?



-कृष्णोन्द्र राय

**कर रहा कानून जब ।**
**अपन कोई काम ।।**
**ठीक नहीं ये अड़चनें ।**
**डाले जो तमाम ।।**
**हाथ में कानून लेकर ।**
**क्या देते संदेश ?**
**अराजकता ठीक नहीं ।**
**बनना यदि विशेष ।।**
**बेवजह हो हल्ले से ।**
**है होता नुकसान ।।**
**होती छवि धूमिल ।**
**गिरता है सम्मान ।।**
**हर पल का आक्रोश ।**
**बन जाती बीमारी ।।**
**मर्यादा में रह कर ही ।**
**आगे की तैयारी ।।**

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

■ रमेश सर्राफ धमोरा

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था।



महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था।

इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है।

आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आम आदमी पार्टी भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुले आम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी पराजित हो जाती है तो इंडिया गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस को यदि इंडिया गठबंधन को बचाना है तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी। इंडिया गठबंधन टूटने की स्थिति में कांग्रेस का भी कमजोर होना तय माना जा रहा है। क्योंकि कांग्रेस अकेले भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है। गठबंधन के साथी दलों की मदद से ही कांग्रेस मजबूत हो सकेगी इस बात से कांग्रेस नेता भी अच्छे से वाकिफ है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

प्रवासी भारतीय दिवस पर विशेष

# नए भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे

■ ललित गर्ग

प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है ÷विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान÷। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।

दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक



स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।

नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडियास्पोरा' का अभूतपूर्व योगदान रहा है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस पर भुवनेश्वर में आयोजित सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय भाग ले रहे हैं। निश्चित ही प्रवासी भारतीयों की सामूहिक शक्ति और क्षमता राष्ट्र के समावेशी विकास को और बल प्रदान करेगी। सशक्त भारत-नया भारती एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्राप्त करने हेतु हमारी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वे अपनी ऊर्जा, अनुभव, विचारों, व्यापार कौशल, निवेश, तकनीकी विशेषज्ञता और नॉलेज शेयरिंग में योगदान देंगे। मातृभूमि की माटी की पुकार ऐसी होती है जो समय और दूरी की बाधाओं को नहीं देखती है। प्रवासी भारतीयों ने दुनिया के विभिन्न कोनों में अपने निवास के देशों में समृद्ध और उत्पादनशील जीवन का निर्माण किया है। इस सम्मेलन में असाधारण योग्यता के व्यक्तियों के भारत के विकास में उनकी भूमिका की सराहना करने के लिए प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करने की प्रोत्साहन योजना भी है। ÷विकसित भारत÷ के दृष्टिकोण के साथ, यह सम्मेलन भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच है। भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरणा का एक सशक्त माध्यम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाना चाहा है कि भारत आर्थिक सुधारों की राह पर चल रहा है और भारत में निवेश करना तथा व्यापार करना पहले से कहीं आसान हो गया है, इसलिए भारत में पूंजी लगाने में वे तनिक न हिचकें।' भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, इन सुखद स्थितियों में विदेशों में प्रवासी भारतीयों की स्थिति का मजबूत बनाना अच्छी बात है, लेकिन देश में बदलते हालातों एवं नये बनते भारत में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होना अपेक्षित है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने के पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर के गिन्नी कंपाउंड कॉलोनी के सिद्धेश्वर शिवमंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ विधि विधान से हुआ। श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई. कॉलोनी निवासी डॉ. मयंक तोमर ने बताया कि 31 कलश में विवेकानन्द घाट से जल भरकर कलश यात्रा शिवमंदिर लौटी। धार्मिक भक्ति भाव से भरे इस कलश यात्रा आयोजन में सभी कॉलोनी वासियों ने भरपूर सहयोग दिया कलश पूजन पंडित वीरेंद्र शुक्ला, आचार्य राजेंद्र पुरोहित द्वारा किया गया । कलश यात्रा के दौरान पुष्पा जोशी, आशा मिश्रा, मनोरमा मेवारी, प्रेमलता तोमर, नीता दुबे, ममता दुबे, रेखा हरिवल्लभ अग्रवाल, सुषमा व्यास, मनीषा साहू, प्रीति गौर, अंजलि जैन, नीता शर्मा, शशि सोनी,बबली गौर,किरण मालवीय, सीमा मालवीय, योगेन्द्र दुबे, अजय शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ उपस्थित थे।

## यातायात जागरूकता रैली निकाली



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नागरिकों को यातायात के नियमों को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से ऑटो रैली निकाली गई. पुलिस अधीक्षक गुर करन सिंह आरटीओ निशा चौहान ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया. इस अवसर पर डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री को लेकर कार्यवाही

# बाइक पर मदिरा ले जा रहे तस्कर को दबोचा वाहन सहित शराब जप्त



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सांसद और विधायक द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री को लेकर निरंतर आवाज उठाई जा रही है. इसको लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है.कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय निर्माण संग्रहण परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही के दिए गए निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में आबकारी टीम पिपरिया द्वारा सूचना के आधार पर आरोपी अंकित ठाकुर पनागर नरसिंहपुर से मोटरसाइकिल पर 300 पाव देशी शराब परिवहन करते हुए ओल नदी, ग्राम जासरवानी के पास आबकारी विभाग द्वारा पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 धारा 34(2) के अन्तर्गत आजमानतीय अपराध कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया जप्त शराब एवं वाहन की अनुमानित कीमत 55000/- रुपए हैं। बीते दिनों कलेक्टर द्वारा ग्राम मोहारी एवं आमूपूरा में किए गए भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा ग्रामों में अवैध शराब के विक्रय को बंद कराए जाने संबंधी ज्ञापन दिए गए थे.जिसको लेकर कलेक्टर ने दूरभाष पर अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिए थे. आबकारी अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आबकारी टीम द्वारा ग्राम आमूपूरा एवं मोहारी में अवैध शराब विक्रय के आरोपियों से कुल 42 पाव देशी शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 2 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाई में आबकारी उपनिरीक्षक निलेश पवार, कृष्ण कुमार पडरिया, कैलाश अखंडे, दशरथ पटेल, बसंत पटेल, संतोष ठाकुर शामिल थे। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि जिले अवैध शराब विक्रय निर्माण संग्रहण परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। अवैध शराब की सूचनाओं पर आबकारी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाहियों निरंतर जारी रहेगी।

### अभा महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता रोमांचक दौर में

# एनसीआर प्रयागराज, साई कुरुक्षेत्र और डीएचए इटारसी बने विजेता

- गांधी स्टेडियम में खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने बढ़ रही है हॉकी प्रेमी दर्शकों की भीड़
- प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार 71 हजार और द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपए है

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में जिला हॉकी संघ इटारसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता में बुधवार को तीन मैच खेले जिसमें उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, जिला हॉकी संघ इटारसी और साई हॉस्टल कुरुक्षेत्र की टीमों ने अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

पहला मैच गोरखपुर एकादश उत्तर प्रदेश और नार्थ-सेंट्रल रेलवे प्रयागराज उत्तर प्रदेश के मध्य खेला गया। प्रयागराज टीम के सवर्ण खांडेकर ने दूसरे क्वार्टर में पहला गोल करके बढ़त बना ली थी। गोरखपुर के रोमित पाल ने मैदानी गोल करके स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अंतिम क्वार्टर में प्रयागराज की ओर से एक और गोल करके 2-1 गोल से मैच जीत लिया।





दूसरा मैच सेंट्रल रेलवे मुंबई ओर साई हॉस्टल कुरुक्षेत्र हरियाणा के मध्य खेला गया। साई कुरुक्षेत्र के युवा लड़कों ने शानदार खेल की बदौलत अपने से कहीं अधिक मजबूत मानी जा रही और अनुभवी खिलाड़ियों से भरी टीम सेंट्रल रेलवे मुंबई पर मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बनाकर सबको आश्चर्य में डाल दिया। मध्यांतर के बाद मुंबई के खिलाड़ियों ने अपना अनुभव मैदान पर दिखाया और एक गोल करके बढ़त को कम किया। इसी बीच कुरुक्षेत्र ने एक और गोल करके बढ़त 4-1 कर दी। मुंबई ने दो और गोल करके स्कोर 4-3 किया मगर वे अपनी टीम की हार को टाल न सके।

तीसरा मैच रोमांचक रहा। डीएचए इटारसी और अमरावती महाराष्ट्र के मध्य खेला गया यह मैच प्रारंभ में काफी धीमा रहा और समय बढने के साथ ही इसमें रोमांच बढ़ता गया। दूसरे क्वार्टर में मयंक जेम्स ने मैदानी गोल करके इटारसी को बढ़त दिलायी। आधे समय तक इटारसी की टीम 1 गोल से आगे चलती रही। अंतिम पंद्रह मिनट के खेल में इटारसी के आदित्य ने पेनॉल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और बढ़त 2-0 की। इस दौरान अमरावती के शब्बीर ने मैदानी गोल करके बढ़त को कम किया। इटारसी को मिले शॉर्ट कॉर्नर को शॉन गिडियन ने गोल में बदलकर बढ़त को 3-1 किया और अंत तक यही स्कोर रहा।

प्रथम मैच में वैश्य महासम्मेलन/अग्रवाल समाज से सुरेश गोयल, रमेश चांडक, विजय राठी, संजय शिखरचंद जैन, अजीत जैन, मोहन खंडेलवाल, अरविंद गोईल, प्रमोद अग्रवाल, जिनेन्द्र जैन, दूसरे मैच में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सत्येन्द्र अवस्थी, पवन बोहरा, तरुण पोपली, श्रीमती नीलम गांधी, शैलेष जैन, मुकेश जैन, बाबू चौधरी, कुलभूषण मिश्रा, आदित्य पांडेय, सोनिका अग्रवाल, मीनाक्षी चौधरी, तीसरे मैच में ट्रक ऑनर एसोसिएशन से सुरिन्दर पाल सिंह भाटिया, परमजीत सलूजा, हरभजन सिंह सलूजा, अमनदीप सिंह भाटिया, समीर खान, शेख इस्माइल, सुश्री मंजू ठाकुर, दीपक दुगाया, सुनील तिवारी, सर्व ब्राह्मण समाज से जितेन्द्र ओझा, सुनील बाजपेयी, प्रकाश दुबे, दिनेश उपाध्याय, अशोक शर्मा चुटई महाराज, महेन्द्र जोशी, अनिल मिश्रा, अशोक दुबे, राकेश दुबे।

# शराब माफियाओं पर कार्रवाई करने का दिखावा कर रहे जनप्रतिनिधि : पांडे

**आप ने नर्मदा पुरम में बिक रही अबैध शराब के विरोध में ज्ञापन दिया**




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में धड़ल्ले से बेची जा रही अबैध शराब को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय के नेतृत्व में अवैध शराब और शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। आम आदमी पार्टी के आरटीआई विंग जिला अध्यक्ष सीता शरण पांडे ने बताया कि धार्मिक नगरी नर्मदापुरम में शराब माफियाओं का बोल बाला है। नगर में हर गली मोहल्ले नुक्कड़ चौंको पर खुलेआम शराब बेची जा रही है। शराब माफियाओं को सीधा संरक्षण दिया जा रहा है। पुलिस और आबकारी विभाग आंख पर पट्टी बांध कर मौन धारण किए हुए आनंद ले रही है। भाजपा के सुशासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा माँ नर्मदा की गोद में बैठ नर्मदा जयंती पर घोषणा की गई थी कि धार्मिक नगरी नर्मदापुरम शहर से 5 किलोमीटर दूर शराब दुकानें खुलेगी और शहर में किसी भी प्रकार की शराब बिक्री पर रोक रहेगी। परंतु आज परिस्थिति उलट है. शहर में हर जगह शराब परोसी जा रही है. शराब माफिया पुलिस और प्रशासन पर हाबी है। विधायक, सांसद शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने का दिखावा कर रहे है। जनता को गुमराह कर रहे है, इसलिये आप नर्मदापुरम द्वारा शहर से अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर सड़क पर उतरी है एवं सरकार को अवगत कराने का काम कर रही है। ज्ञापन में जिले के जिला अध्यक्ष लीगल विंग एड. प्रदीप मालवीय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुनील कहार आदि मौजूद रहे।

# कैरियर मेले में युवाओं को मिलेगा रोजगार

**होमसाइंस कॉलेज में एक दिनी कैरियर मेला कल**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा प्रायोजित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 10 जनवरी 2025 को एक दिवसीय कैरियर अवसर मेले का आयोजन किया जा रहा है।

कैरियर अवसर मेले का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देकर मार्गदर्शन करना, रोजगार प्रदाता कंपनियां उद्योगों अन्य संस्थाओं को आमंत्रित कर विभिन्न सेवाओं में विद्यार्थियों का प्लेसमेंट कराने की व्यवस्था करना एवं विद्यार्थियों को इंटर्नशिप वाली संस्थाओं से परिचित कराने की व्यवस्था करना। इसके अंतर्गत विभिन्न स्वरोजगार और रोजगार से संबंधित कंपनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे जिसमें विद्यार्थी कैरियर से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर क्षमता एवं योग्यता अनुसार रोज़गार हेतु आवेदन कर सकते है।

कैरियर अवसर मेले की प्रभारी डॉ संगीता अहिरवार एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ रागिनी सिकरवार द्वारा आमंत्रित कंपनियों की जानकारी दी गई। इसमें वर्धमान, ट्राइडेंट, बी एस डब्लू इंदौर, नवकिसान बायोटेक, प्रथम एजुकेशन भोपाल, समर्थ इंडस्ट्रीज़, भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड, रिलायंस निप्पोन लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी, लर्निंग स्कैड प्राइवेट लिमिटेड, जिज्ञासा, दीनदयाल उपाध्याय, कौशल विकास योजना, भारत कॉलिंग इटारसी, ग्रामीण हॉट, वक्रतुंड, एक्सिस बैंक, एमआईसी, एस बी आई लाइफ़ इंश्योरेंस, एच डी एफ सी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, मशरूम वर्ल्ड, जस्ट डायल, यूनिवर्सल सर्टिफिकेशन, मैग्नम बी पी ओ, टैक्नो प्राइवेट लिमिटेड, कन्यादान फ़ाउंडेशन टाटा ए आई ए, मोदीकेयर आदि 32 कंपनियां रोज़गार मेला के दौरान महाविद्यालय में उपस्थित हो रही है। जिसमें विभिन्न पदों पर जैसे कंप्यूटर सपोर्ट ऑफ़िसर, रिलेशनशिप मैनेजर, बिज़नेस एनालिस्ट, एच आर काउंसलर, रिक्रूटर, चेकर पैकर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि पदों पर योग्यता अनुसार रोज़गार के अवसर मिलेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने कैरियर अवसर मेले का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देकर मार्गदर्शन करना, रोजगार प्रदाता कंपनियां उद्योगों अन्य संस्थाओं को आमंत्रित कर विभिन्न सेवाओं में विद्यार्थियों का प्लेसमेंट कराने की व्यवस्था करना एवं विद्यार्थियों को इंटर्नशिप वाली संस्थाओं से परिचित कराने की व्यवस्था करना। इसके अंतर्गत विभिन्न स्वरोजगार और रोजगार से संबंधित कंपनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे जिसमें विद्यार्थी कैरियर से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर क्षमता एवं योग्यता अनुसार रोज़गार हेतु आवेदन कर सकते है। कैरियर अवसर मेले की प्रभारी डॉ संगीता अहिरवार एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ रागिनी सिकरवार द्वारा आमंत्रित कंपनियों की जानकारी दी गई। इसमें वर्धमान, ट्राइडेंट, बी एस डब्लू इंदौर, नवकिसान बायोटेक, प्रथम एजुकेशन भोपाल, समर्थ इंडस्ट्रीज़, भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड, रिलायंस निप्पोन लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी, लर्निंग स्कैड प्राइवेट लिमिटेड, जिज्ञासा, दीनदयाल उपाध्याय, कौशल विकास योजना, भारत कॉलिंग इटारसी समेत 32 कंपनियां युवाओं को रोज़गार देंगी।

**मेट्रो एंकर** केन बेतवा नदी परियोजना से व्यारमा नदी जोडने की योजना, धटेरा के पास बनेगा बड़ा बांध, हर किसान के खेत में होगी सिंचाई

# गांव गांव का सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ दिया जाए : धमेन्द्र सिंह

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जनपद पंचायत के प्रांगण में मुख्य मंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जनपद स्तरीय मेगा षिविर का आयोजन किया गया। षिविर में राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने उपस्थित हितग्राहियों एवं जनता को संबांधित करते हुए कहां कि ये जनकल्याण षिविर लगाए जा रहे जिसके लिए हमारे मुख्य मंत्री का मानना है कि पंचायत स्तर पर षिविर लगाए जाए जिस कारण ग्राम के हितग्राहियों को चक्कर न लगाने पड़े। अभी तक 36 ग्राम पंचायत में षिविर लगाए जा चुके है इसके अलावा नगर परिषद में 12 स्थनो पर षिविर लगाए है। साथ ही मेगा षिविर जो गांव गांव हिग्राही चिन्हित किए गए है। उनको हितलाभ वितरण किया जाएगां। आप सब के सुख लिए आप सबकी सुखसमृद्धि के लिए हमारी भाजपा सरकार लगातार काम कर रहे है। हमारी सरकार ने कहां था कि लाडली बहनो के खातो में पैसा आएगा और हर माह बहनो के खाते में पैसे डाले जा रहे है। लेकिन पहले कांग्रेस हमारा मचाक उडाती थी कि चुनाव के कारण ये पैसा बाटने की बात करते है। चुनाव के बाद ये योजना बंद हो जाएगीं।





कांग्रेस की जबतक सरकार रही उन्होने कभी दो रूपए जनता को नहीं दिए। ये सरकार आम जनता की सरकार है। इस सरकार का कहना है कि राम की चिरईयां राम के ही खेत, खालोरी चिरईयां भर भर पेंट। ये हमारी पार्टी का विजन है।

भाजपा का चुनाव चिन्ह है और कमल के फूल पर लक्ष्मी जी बैठती है लेकिन अगर पंजे का वटन दवाओगें तो पंजे से मुक्का बनता है। कांग्रेस के लोगो ने 60 साल गरीबो को मुक्का मारने का काम किया है। आपको याद हो की केन वेतवा परियोजना बनाई गई है। जब मुख्य मंत्री जी जवेरा आए थे तो उस समय मैने मुख्यमंत्री जी से मांग की थी कि केन वेतवा नदी को व्यारमा नदी में जोड़ दिया जाए। जिससे हम घटेरा ग्राम के आगे एक बड़ा बांध बनाएगें। जिससे हर किसानो के खेतो में पाईप लाईन से पानी पहुचेगा। जिसकी कार्य योजना बनगई है। आने बाले समय में जवेरा विधान सभा का किसान खुषहाल होगा। लेकिन धेर्य रखना होगा ये बड़ी योजना है अभी योजना एक लाख करोड़ बनी है। लेकिन लगभग 7 या 8 साल में कम्पलीट हो पाएगीं। इसके अलावा धमेन्द्र सिंह लोधी ने जनपद सीईओ एवं जिला सीईओ को आदेष दिए कि पीएम आवास योजना के लिए पहले ग्रामो का निरीक्षण करे जो हितग्राही कच्चे मकान या झोपडी में रह रहे है उनके पहले आवास दिए जाने में प्राथमिकता दी जाए। जिला सीईओ अर्पित वर्मा ने कहा कि जनकल्याण षिविर 26 जनवरी तक चलेगे। साथ ही मंत्री जो आदेष दिए है कि कच्चे मकान या झोपडी बने हे उनको पहले प्राथमिकता दी जाएगीं। एसडीएम से कहां कि बीवन बाचन करके, नामंत्रण के केस, फोती के केस जो भी राजस्व संबंधित सभी आवेदनो का निराकरण साथ ही षिविर में जितने आवेदन आए है उनका भी तत्काल निरीकरण किया जाए।

### डीएफओ हेमंत यादव के चार्ज संभालते ही एक्शन में वन विभाग

# मुरवास में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, फसलों पर चला बुलडोजर, वनभूमि अतिक्रमण मुक्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लटेरी तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों के कई ग्रामों में ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों हैक्टर वन भूमि पर कब्जा किया हुआ है, इस भूमि पर वन माफियाओं द्वारा निरंतर खेती की जा रही है। लगातार वन भूमि के कब्जे को लेकर ओर कम होते जंगलों की आवाज मीडिया द्वारा निरंतर आवाज उठाई जा रही है, अतिक्रमणकारियों ने ग्राम मुरवास ओर उसके आसपास के ग्रामों में सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर पेड़ काटकर खेती योग्य जमीन तैयार कर ली थी। इसके चलते पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा था, इससे पहले, भी वन विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई की गई थी, लेकिन अतिक्रमण कार्यों द्वारा उस जमीन पर वन अमले की मिलीभगत से दोबारा कब्जा कर फसल लगा दी गई है, आज उत्तर रेंज के मुरवास में प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन विभाग और राजस्व विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान आठ से अधिक बुलडोजर और पांच ट्रैक्टरों की मदद से वन परिक्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया गया। डीएफओ हेमंत यादव ने चार्ज संभालते ही लटेरी रेंज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लटेरी वन क्षेत्र में जहां जहां वन भूमि पर अतिक्रमण है और जहां जहां पर नोटिस की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है वहां पर तत्काल एक्शन लिया जाए और बुलडोजर लाकर पहले जंगल में खड़ी फसल को नष्ट किया जाए।



### ग्राम वासियों ने लगाए डिप्टी रेंजर और नाकेदार पर पैसा लेकर अतिक्रमण कराने के आरोप

अतिक्रमण हटाने के दौरान कई ग्रामीणों ने डिप्टी रेंजर और नाकेदार पर पैसे लेने के आरोप लगाए, मुरवास निवासी अब्दुल ने बताया कि मेरे पास तीस बीघा अतिक्रमण रेंज की जमीन है, जब हम जमीन को फसल बोनी के लिए तैयार कर रहे थे तब हमारी बीट में पदस्थ अर्जुन मीणा ओर वीर नारायण जोशी द्वारा मेरे से रेंज की जमीन को आवाद करने की एवज में ढाई लाख रुपए लिए गए है, अब वो ही आगे होकर मेरी फसल को नष्ट करवा रहे है, जब मेने उनको रोकने की कोशिश की तो बोले कि ऊपर से ऑर्डर है हम कुछ नहीं कर सकते। इससे तो यह सिद्ध हो रहा है कि जहां जहां पर अतिक्रमण है बह अतिक्रमण वन हमले की मिली भगत से किया जा रहा है।

#### अतिक्रमण हटाते ही आया विवादों के घेरे में

वन विभाग राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू होते ही अतिक्रमण हटाने वाली टीम पर ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार के आरोप लगाए, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमणों हटाने में दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है, जिन लोगों के पास पैसा है इनकी पहुंच उच्च अधिकारियों तक है उनके अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है, जिनके पास पैसा नहीं है ऊपरी सोर्स नहीं है उनके अतिक्रमण को वन विभाग द्वारा हटाया जा है। इस संबंध में जब हमारी बात वन विभाग के इसडीओ तरुण कुमार से बात हुई तो तरुण कुमार ने बताया कि जिन लोगों के अतिक्रमण को छोड़ा जा रहा है उनके द्वारा दावा किया जा रहा है कि यह उनकी निजी भूमि है और इसका मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है संबंधित व्यक्ति से डॉक्यूमेंट मांगे गए है, अगर कल तक डॉक्यूमेंट उपलब्ध नहीं कराए जाते है तो उनके अतिक्रमण की भी हटाया जाएगा।

#### इनका कहना है

"आज हमारे द्वारा ग्राम मुरवास के कंपाउंडमेंट नम्बर 358, ओर 360 में कार्यवाही की जा रही है, अभी तक करीब 20 हैक्टर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है, आज शाम तक करीबन 45 हैक्टर वन भूमि को मुक्त किया जाएगा। और यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। साथ ही अन्य अतिक्रमित जमीन को भी जल्द से जल्द खाली कराने का अभियान जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जंगल की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर की जाएगी।"

–तरुण कुमार ढहरिया,
एसडीओ फॉरेस्ट

### जनकल्याण अभियान में विधायक गिनाई सरकार की योजनाएं

# भीमराव अंबेडकर को सर्वोच्च सम्मान भाजपा ने दिया : सप्रे



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के पांचवे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर गांव गांव जन कल्याण पर्व के रूप में मना रही है। जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में शासन द्वारा बुधवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत करैयाहाट, रिनिया एवं प्याराखेड़ी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे अन्य जनप्रतिनिधि सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ इन कार्यक्रम में शामिल हुए। वही कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार ने विकास, विरासत, सुशासन और जनकल्याण पर विशेष काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने जनता के सामने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया था। उसमें हम खरे उतर रहे हैं। उन्होंने कहा जैसे शिक्षा, चिकित्सा, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, लोक निर्माण, उद्योग, जल जीवन मिशन, जन भागीदारी, आयुष्मान कार्ड विभिन्न योजनाओं मैं कोई बात नहीं दिखाई ना रहे इसके लिए हम लगातार गांव-गांव पहुंच कर अधिकारियों के साथ मौके पर ही योजना का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की पूर्व सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकारों में लोग परेशान होते रहते थे आज हमारी सरकार है कि हम घर-घर पहुंचकर पात्र हितग्राहीयों को योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं।

#### अधिकारियों को फटकारा

अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर विधायक हरि सिंह सप्रे ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि हर कार्यक्रम में मैं ही रहूं। यह सरकार का आयोजन है आप लोगों की जिम्मेदारी है घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दें। यदि किसी को कोई समस्या आ रही है तो उसकी समस्या का निदान करें किसी भी तरह की कोताही ना बरती जाए अन्यथा इसके जिम्मेदार आप सब लोग स्वयं होंगे।

## पार्षद के प्रयास से बाबा साहब की प्रतिमा की कायाकल्प

**सिरोंज।** स्थानीय वार्ड न. 5, पुराना बस स्टेण्ड स्थित बाबा साहब भीम राम अंबेडकर जी की प्रतिमा के आसपास लगी रोटरी पर आज रंगीन लाईट लगा दी गई, आज



दोपहर करीब 2 बजे स्थानीय पार्षद अजमल शेर खांन व वरिष्ठ पत्रकार सईद खांन के हाथों उक्त कार्य का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर वार्ड न. 5 के भारतीय जनता पार्टी पार्षद अजमल शेर खांन ने कहा कि विधायक महोदय के मंशानुसार नगर के विकास कार्य के अर्न्तगत बाबा साहब की प्रतिमा की रोटरी पर रंगीन लाईट एंव मालार्पण कार्य हेतु बाबा साहब की प्रतिमा पर सीढ़ी भी लगाई जायेगी। ज्ञात हो कि वार्ड न. 5 के पार्षद अजमल शेर खांन ने विगत दिनों नगरपालिका अध्यक्ष से मांग की थी कि नगर में स्थापित अन्य महापुरूषों की प्रतिमाओं की रोटरी की तरह ही बाबा साहब की रोटरी पर भी रंगीन लाईटिंग व लेंप लगाये जाये, उनकी इस मांग को नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा मानकर उक्त कार्य किया गया है, जिसकी हर वर्ग के लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है, इस मौके पर दलित समाज के नेता डॉ0 लखपत सिंह ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा की रोटरी पर रंगीन लाईट लगाये जाने के लिए स्थानीय पार्षद अजमल शेर खान बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि मैं अपने समाज की ओर से नगरपालिका परिषद को भी उक्त कार्य के लिए बधाई देता हूं। इस अवसर पर वार्ड न015 के पार्षद इमरान कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बैठक में सौंपी जिम्मेदारी

**गंजबासौदा।** शिवसेना द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शिवसेना कार्यकारिणी एवं शिवाजी जयंती को लेकर विचार विमर्श किया एवं शिवाजी जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नवीन पद दिए गए जिसमें रितिक गुर्जर ग्राम किशनोदा ग्रामीण अध्यक्ष,हिमांशु कुशवाह ग्राम तहसील



महामंत्री, जितेंद्र कुशवाहा नई दिल्ली अध्यक्ष,अमन शिल्पकार ग्रामीण अध्यक्ष, बॉबी सूर्यवंशी वार्ड नंबर 4 अध्यक्ष बनाया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित युवा शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र देवा लोधी, युवा शिवसेना जिला प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर सहित शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## मुरवास पुलिस ने नाबालिग को दिनों किया दस्तयाब

**सिरोंज।** फरियादी किशन आदिवासी की बेटी की गुमषुदगी की रिपोर्ट पर तत्काल एक्शन लेते हुए मुरवास पुलिस ने रोहित काशवानी पुलिस अधीक्षक विदिशा के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन में एवं अजय मिश्रा एसडीओपी लटेरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी मुरवास राजेश मिश्रा द्वारा गठित टीम को उक्त बालिका की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित टीम को अपराध क्रमांक 183/2024 की अपहर्ता की दस्तयाबी हेतु रवाना किया गया, टीम की तत्परता से उक्त अपराध की गुमशुदा को सिर्फ 02 दिनों में दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### सिरोंज शहर में कब होगी ऐसी कार्रवाई बेसब्री से इंतजार

# सियलपुर में दो अवैध कॉलोनियों पर हुई कार्रवाई एसडीएम ने विक्रय और नामांतरण पर लगाई रोक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

अवैध रूप से कॉलोनी काटकर जनता को मूर्ख बनाने वालों तथा शासन से अनुमति लिए बगैर कॉलोनियां विकसित करने वाले कॉलोनाइजरों को शासन की अनदेखी करना महंगा पड़ रहा है। कलेक्टर रोशन सिंह के निर्देशों के बाद एसडीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों मे अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इनको विक्रय से प्रबंधित करने के साथ नामांतरण पर भी रोक लगाई जा रही है। इस वजह से अवैध रूप से इस काम को अंजाम देने वालों में हड़कंप मच गया है। नगर में भी चारों ओर अवैध रूप से कट रही कॉलोनियों पर इस तरह की कारवाई कब आरंभ होगी इसका सभी को इंतजार हो रहे है। किसके दबाव में प्रशासन भू-माफियाओं पर कार्रवाई नहीं कर इसकी चर्चाएं भी हो रही हो रही है । हमारे संवाददाता की खबर के बाद सियलपुर में जरूर कार्रवाई होगी । इस कार्रवाई के बाद नगर में अवैध रूप से कालोनी काटने वाले कॉलोनी नजरों में जरूर डर का माहौल देखने को मिल रहा है उनको भी इस तरह की कारवाई होने का भय सता रहा है। एसडीएम ने उक्त कार्रवाई नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल के जांच प्रतिवेदन की आधार पर सियलपुर की दो कॉलोनियों के तीन अलग-अलग सर्वे नंबरों को विक्रय से निषेध किया साथ ही इनके नामांतरण पर भी रोक लगाने का आदेश जारी किया है। सर्वे 911 भूमि 1.758 हेक्टर है एवं सर्वे नंबर 909/992 रखवा 0101 हेक्टर को विक्रय से प्रतिबंधित किया गया ना ही इनके नामांतरण होंगे। एसडीएम ने बताया कि नायब तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन पर कार्रवाई की गई है। सियलपुर अवैध रूप से शासन से अनुमति लिए बगैर कॉलोनी विकसित की जा रही जांच के बाद पाया गया कि सादिक खान, अबरार खान, अहमद खान, काले खां, रशीद, हनीफ खान असलम खान के द्वारा इन सर्वे 911,909,992 नंबरों पर गुमठी रखकर अवैध रूप से कॉलोनी के लिए कच्ची रोड डालकर इस काम को किया जा रहा था इसके बाद इनके विक्रय एवं नामांतरण पर भी रोक लगाई है।


नायब तहसीलदार ने दिया प्रतिवेदन, कलेक्टर निर्देश पर ही होगी कार्रवाई
पथरिया-सियपुर में अवैध कॉलोनियों का विक्रय हो सकता है प्रतिबंधित

#### अपने हिसाब से काट रहे थे कॉलोनी

इन लोगों के द्वारा बिना अनुमतियों के अपने हिसाब कॉलोनी बनाकर भोले वाले ग्रामीणों को अपने जाल में फंसा कर प्लांट बेचने का काम किया जा रहा था। शिकायत के बाद नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल के द्वारा कॉलोनी के संबंध में से दस्तावेज मांगे तो इनके पास कॉलोनी विकसित करने के दस्तावेज नहीं मिले इनको समय भी दिया गया जांच के उपरांत नायब तहसीलदार अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन बनाकर एसडीएम दिया इसके बाद इन सर्वे नंबरों को पूर्णता विक्रय से प्रतिवेदन करते हुए नामांतरण नहीं करने का आदेश भी नायब तहसीलदार को दिया है।

#### मुखरता से उठाया अवैध कॉलोनियों का मामला

शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी अवैध रूप से कॉलोनी काटने का मामला हमारे संवाददाता के द्वारा जनहित में लगातार प्रमुखता से प्रकाशित करके शासन के अधिकारियों के संज्ञान में लाने का काम किया जा रहा है। सीएम के द्वारा भी अवैध रूप से कॉलोनी काटने बालों पर करवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद कलेक्टर रोशन सिंह ने अवैध रूप से कॉलोनी के मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए है। इसके चलते पिछले दिनों एसडीएम ने पथरिया में अवैध रूप से कॉलोनियों पर कार्रवाई करते हुए इनको विक्रय से प्रतिबंधित किया था सियल पुर की कॉलोनीयों को छोड़ दिया था इसका समाचार हमारे संवाददाता ने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था उसके उपरांत एसडीएम ने नायब तहसीलदार से प्रतिवेदन लेकर सियलपुर के तीन सर्व नंबरों में अवैध रूप से कॉलोनी काटने पर इनको भी विक्रय से प्रतिबंध किया है।

#### कई सालों से चल रहा था खेल

शहर के साथ भू-माफियाओं के द्वारा ग्रामीण अंचलों में भी इस काम को अंजाम देकर लाखों की जमीन लेकर उसको प्लाटों के रूप में करोड़ों बेचने का काम किया जा रहा था। इनके मनसूबों एसडीएम ने पानी फेरते हुए यह कार्रवाई की गई है। वहीं लंबे इंतजार के बाद प्रशासन ने इस तरह कार्रवाई करते हुए भू-माफियाओं को आइना दिखाया है। इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों के हौसले भी पस्त होंगे जनता को मूर्ख भी नहीं बन पाएंगे शासन को भी चूना लगाने का काम यह लोग नहीं कर पाएंगे अनुमति लेकर काम की होग तो शासन को भी राजस्व की प्राप्ति होती बगैर अनुमतियों के होने से शासन को भी नुकसान इन लोगों के द्वारा पहुंचा जा रहा था । उसकी भी भरपाई इन लोगों से होनी चाहिए। पथरिया में भी इस तरह की कार्रवाई एसडीएम के द्वारा पिछले दिनों की गई थी पर सियलपुर में इन लोगों को छोड़ दिया गया था।

#### इनका कहना है

"अवैध रूप से कॉलोनी काटने पर सियलपुर में दो कॉलोनीयों को विक्रय से प्रतिबंधित करने के साथ नामांतरण नहीं करने के निर्देश भी दिए हैं।"

हर्षल चौधरी एसडीएम
सिरोंज

**मेट्रो एंकर** | कलेक्टर ने गंजबासौदा नगर का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया

# अवकाश पंजी संधारित नहीं करने पर प्राचार्य को शोकॉज नोटिस

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने नगर में भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की अघतन स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान सबसे पहले नगर की पाराशरी नदी के जीर्णोद्धार कार्यों का जायजा लेकर अमृत योजना तहत पाराशरी नदी के जीर्णोद्धार कार्य को पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि पाराशरी नदी का जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिसके जल्द ही सुखद परिणाम सामने आएंगे नगर के नागरिक अपना अच्छा समय नदी के इस माहौल में बिता पाएंगे। इस हेतु नदी के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।



नगर में 150 बिस्तर का नवनिर्मित सिविल अस्पताल के निर्माण कार्यों का भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि बासौदा नगर के लिए यह एक बड़ी सौगात है। आगामी मई माह तक नवनिर्मित अस्पताल भवन बनकर तैयार हो जाएगा। मौके पर उपस्थित ठेकेदार व इंजीनियर को पूर्ण गुणवत्ता के साथ उक्त कार्यों को पूरा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने नियत समय अवधि में भवन निर्माण पूरा करने के लिए संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। इस कार्य की कलेक्टर सिंह के द्वारा स्वयं मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने भवन बनने के उपरांत देखरेख की अवधि की जरूरत ना पडे इस गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य कराए जाने के निर्देश ठेकेदार को दिए है।

#### प्राचार्य को शोकॉज नोटिस

कलेक्टर ने पीएम श्री विद्यालय एकीकृत शासकीय कन्या उमावि मण्डी का निरीक्षण कर स्टाफ के अवकाश की पंजी संधारण नहीं करने सहित अन्य कारणों के फलस्वरूप स्कूल प्राचार्य बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत बोर्ड कक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से कक्षा में पहुंचकर संवाद भी किया उन्होंने शत-प्रतिशत परिणाम लाए जाने के उद्देश्य से सभी विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सभी खूब मन लगाकर पढ़ाई करें किसी भी विषय में जब कोई प्रश्न समझ ना आए तो शिक्षकों का सहयोग लें, उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बच्चों को जरूरी टिप्स भी दिए। यहां के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 14 का भी अवलोकन किया है उन्होंने आंगनबाड़ी आने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों से संवाद किया और मौके पर उपस्थित सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार में स्वच्छता सहित अन्य आवश्यक सुविधा मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए हैं तथा आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्रीवाल बनवाए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने आंगनबाडी में मौजूद चार वर्षीय मास्टर देवांश से संवाद कर आंगनबाडी केन्द्र के माध्यम से दी जा रही सुविधाएं खासकर पोषण आहार वितरण के संबंध में पूछताछ की। मास्टर देवांश के हाजिर जबावों को सुनकर कलेक्टर प्रभावित हुए। कलेक्टर ने आंगनबाडी केन्द्र भवन की दीवालो पर बाल पेंटिग नहीं कराए जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर आंगनबाडी केन्द्र में बाल पेंटिग कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाए साथ ही पके हुए पोषण आहार को सुरक्षित रखने के लिए साफ सुथरे बर्तनो का उपयोग किया जाए वहीं उन्होंने रोटियां पेपर में लपेट कर रखे जाने पर सख्त हिदायत दी।

## लंबे समय के इंतजार के बाद इमलानी मार्ग बनेगा 50 फीट चौड़ा, एसडीएम ने एमपीआरडीसी को लिखा पत्र



**सिरोंज।** लंबे समय के इंतजार के बाद इमलानी मार्ग निर्माण में आ रही बाधा का समाधान हो गया है, जल्दी अब बची हुई सड़क का कार्य पूर्ण हो सकता है। इसको लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने बुधवार क एमपी आरडीसी विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए लिखा है कि दो व्यक्तियों का अवैध अतिक्रमण पाया गया है उसको हटाने के लिए तहसीलदार विभाग के अधिकारी समन्वय स्थापित करके उक्त अबैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करके सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करें मुख्य सड़क से लेकर मोड़ पर सरकारी रोड की जगह 50 फीट वर्तमान में 35 फीट बची हुई थी अब 15 फीट चौड़ी और सड़क यहां पर हो जाएगी इस तरह कुल 50 फीट चौड़ी सड़क डाली जाएगी। पिछले 1 महीने से सड़क का निर्माण मोड पर अतिक्रमण आने पर एसडीएम के निर्देश पर बंद था अब दो लोगों का अतिक्रमण पाया गया है। उसको हटाने के बाद एमपी आरडीसी विभाग सड़क बनाने का काम पूर्ण करेगा यह काम विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही के कारण बने हैं पहले सीमांकन होना था उसके बाद ही यहां पर रोड बनाने का काम होता तो इस तरह के हालत भी नहीं बनते।



# सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने बुमराह

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज में किया था शानदार प्रदर्शन

**दुबई . एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में खेली गई बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को भले ही हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। इस प्रदर्शन के बूते बुमराह ने आइसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में इतिहास भी रच दिया। बुमराह आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

### टॉप-10 में बुमराह के साथ जडेजा

बुमराह ने आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर कायम रहते हुए दबदबा कायम रखा है। वहीं, रवींद्र जडेजा ( 745 रेटिंग अंक ) एक स्थान के फायदे के साथ नौवें नंबर पर हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस दूसरे ( 841 रेटिंग अंक ) और तीसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पेसर केगिसो रबाडा ( 837 रेटिंग अंक ) मौजूद हैं। कप्तान रोहित शर्मा तीन महीने पहले तक टेस्ट रैंकिंग में छठे नंबर पर थे। लेकिन न्यूजीलैंड और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वह करियर की सबसे खराब रैंकिंग 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वह दो स्थान के नुकसान से टॉप-40 से भी बाहर हो गए।

### पंत की टॉप-10 बैटर्स में वापसी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सिडनी टेस्ट में ऋषभ ने दूसरी इनिंग में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया था। उन्होंने 29 बॉल पर हाफ सेंचुरी लगाई थी। पंत ने 61 रन की पारी खेली थी। जिससे उनकी रैंक में 3 पायदान का फायदा हुआ। अब उनके 739 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा ऑलटाइम हाई रेटिंग पर पहुंच गए। उन्हें रैंकिंग में 3 स्थानों का उछाल मिला। वह अब 769 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-6 पर पहुंचने में कामयाब हो गए। बावुमा की कप्तानी में ही साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को लगातार दो टेस्ट मैच हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टॉप-5 में कोई बदलाव नहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग के टॉप-5 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इंग्लैंड के जो रूट अब भी नंबर-1 पर हैं। उनकी रेटिंग 895 है। इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 876 है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 867 पॉइंट्स के साथ नंबर 3 पर हैं।

श्रीलंका से टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

# कमिंस ब्रेक पर, स्मिथ करेंगे कप्तानी; 29 जनवरी से खेला जाएगा पहला मुकाबला

**मुंबई, एजेंसी**

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। कमिंस दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, इसलिए वे ब्रेक पर हैं। साथ ही वे टखने की चोट से उबर रहे हैं। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोट लग गई थी, इस वजह से वे आखिरी मुकाबला भी नहीं खेल सके थे। श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जिसकी शुरुआत 29 जनवरी से होगी।

कोनोली को पहली बार मौका कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में मौका मिला है। ओपनर नाथन मैकस्वीनी की इस दौरे से वापसी होगी। उन्हें खराब प्रदर्शन के कारण भारत के खिलाफ आखिरी दो मुकाबलों के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। सैम कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर को अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद टीम में शामिल किया गया है। दोनों ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से डेब्यू किया था। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने उस मैच की दोनों पारियों में 96 रन बनाए थे और एक विकेट लिया था। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने




उस मैच की दोनों पारियों में 96 रन बनाए थे और एक विकेट लिया था। 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर और 3 पेसर शामिल बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन, ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और नाथन लियोन तीन स्पिनर्स टीम में शामिल हैं। हेड, मैकस्वीनी, वेबस्टर जैसे खिलाड़ी भी टीम के पास स्पिन के बेहतरीन ऑप्शन हैं। वहीं, मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और सॉन एबॉट तीन स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज इस दौरे पर टीम के साथ जाएंगे।

श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम स्टीव स्मिथ ( कप्तान ), ट्रैविस हेड ( उप कप्तान ), सॉन एबट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर। ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा फाइनल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में खेले गए फाइनल मैच में भारत को 209 रनों से हराया था।



मेट्रो बाजार

# रिपोर्ट: बैंकों के मुनाफे-ब्याज आय में गिरावट आने की आशंका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बैंकों के डिपॉजिट और लोन ग्रोथ में सुस्ती आने के बाद अब उनके मुनाफे और ब्याज से होने वाली आय में गिरावट आने की आशंका है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि खराब परिसंपत्तियों में वृद्धि से अगले वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों की कमाई ( मार्जिन ) पर असर पड़ने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के स्तर पर लोन डिफॉल्ट बढ़ने और ऋण लागत में वृद्धि की संभावना है। इस वजह से भारतीय बैंकों की लाभप्रदता वित्त वर्ष 2024-25 में टर्निंग पॉइंट पर है और अगले वित्त वर्ष इसमें और कमी आने के आसार हैं।

**लोन ग्रोथ रेट 13.5 फीसदी रहने की उम्मीद :** इंडिया रेटिंग्स ने कहा, एसेट क्वालिटी पर दबाव का एक बड़ा हिस्सा बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज जोखिम से उत्पन्न होगा। हालांकि, इसे संभाला जा सकता है। एजेंसी ने कहा कि 50,000 रुपए से कम के खुदरा असुरक्षित कर्ज में बैंकिंग ऋण का लगभग 0.4 फीसदी हिस्सा है, जबकि केवल 3.6 फीसदी कर्ज ऐसे हैं जिनकी उधारी दर सालाना 11 फीसदी से अधिक है। 2025-26 में बैंकों का लोन ग्रोथ रेट 13 फीसदी से 13.5 फीसदी रहने की उम्मीद है, इससे अगले वित्त वर्ष में मुख्य ब्याज आय प्रभावित होने की आशंका है।

# सेंसेक्स इस साल जा सकता है 93,000 के पार!

**मुंबई, एजेंसी**

ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2025 में भारतीय शेयर बाजार के सभी इमर्जिंग मार्केट्स से शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेड और महंगाई के लचीले टारगेट के चलते मैक्रो स्टैबिलिटी बेहद मजबूत बना हुआ है। अगले 4-5 सालों में कंपनियों के अर्निंग्स ग्रोथ में सालाना 18-20 फीसदी का उछाल आने की संभावना है, जिसकी वजह प्राइवेट सेक्टर की ओर कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी, कॉरपोरेट्स के कर्ज में कमी और खपत में आने वाली उछाल है। मॉर्गन ने बेस केस में दिसंबर तक सेंसेक्स में 14 फीसदी की तेजी का अनुमान लगाया है।

**हल्दीराम में 10 फीसदी हिस्सादारी खरीदने की तैयारी में टेमासेक:** लंबे समय तक बातचीत करने के बाद सिंगापुर सरकार के स्वामित्व वाली निवेश फर्म टेमासेक एफएमसीजी कंपनी हल्दीराम स्नैक्स एंड फूड्स में 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने सौदा करने जा रही है। टेमासेक 10 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर हल्दीराम के प्रवर्तकों से खरीदेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने के लिए टेमासेक और हल्दीराम के अग्रवाल परिवार ने समझौते की शर्तों पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए। गैर-सूचीबद्ध कंपनी हल्दीराम स्नैक्स में हिस्सेदारी के लिए टेमासेक के साथ ही बेन कैपिटल और ब्लैकस्टोन जैसी कई निजी इक्विटी फर्मों ने पेशकश की थी।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

## अर्जुन कपूर बोले- वरुण सिर्फ देखने में मासूम

# मजाक में कहा- मुझे बेवकूफ बनाया, उसके कारण काम भी नहीं मिला...



अर्जुन कपूर और वरुण धवन बचपन से अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने एक साथ एक्टिंग की ट्रेनिंग भी ली थी। हाल ही में अर्जुन ने एक इंटरव्यू में बताया कि जब वे दोनों साथ में एक शॉर्ट फिल्म बना रहे थे, तब वह अपनी एक्टिंग से खुश नहीं थे। उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि शायद उनकी खराब परफॉर्मेंस की वजह से उन्हें करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस से ज्यादा काम नहीं मिला। गलाटा इंडिया के साथ बातचीत में अर्जुन कपूर से उनके और वरुण के साथ मिलकर एक प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के फैसले के बारे में पूछा गया था। इसका जवाब देते हुए अर्जुन ने कहा, 'वरुण ने मुझे बेवकूफ बनाया। उन्होंने मुझसे कहा कि सात मिनट की शॉर्ट फिल्म में मेरा अच्छा रोल है। हम उस समय बैरी जॉन की एक्टिंग क्लास ले रहे थे। उन्होंने फैसला लिया कि वह (वरुण) फाइनल फिल्म का निर्देशन करना चाहते हैं। मैंने भी कहा ठीक है और वह कितना बुरा करेगा?' अर्जुन कपूर ने कहा, 'इस फिल्म का निर्देशन वरुण धवन ने किया था। फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। लेकिन जब मैंने फिल्म का फाइनल एडिट देखा तो मुझे पता चला कि असल में वह फिल्म में हीरो था और मैं विलेन था। फिल्म की शूटिंग के दौरान वरुण ने मुझे कुछ नहीं बताया था। इसके बारे में मुझे बाद में पता चला था।' अर्जुन ने आगे कहा, 'उस फिल्म में उनके डायलॉग बिल्कुल सही हैं, वो सिर्फ दिखता है मासूम स्वामी टाइप का। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। यह उन रेयर फिल्मों में से एक है, जिसमें वरुण को टी-शर्ट पहने देखा जा सकता है। लेकिन मैं आपको नाम नहीं बता रहा हूं, क्योंकि मुझे इस पर बहुत प्राउड नहीं है।' अर्जुन ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'वरुण ने करण जौहर को भी फिल्म दिखाई थी। मुझे लगता है कि यही कारण है कि एक समय मुझे धर्मा से कम काम मिला।'

# तृप्ति डिमरी, बोलीं- फिल्म में किरदार अच्छा लगा तो हां कर देती हूं...

तृप्ति डिमरी ने साल 2023 में फिल्म एनिमल में जोया का रोल निभाया था, जिससे उन्हें बॉलीवुड में एक अलग पहचान मिली थी। अब हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान तृप्ति ने बताया कि उन्होंने एनिमल फिल्म क्यों की, जिसे कुछ लोग एंटी फेमिनिस्ट फिल्म मानते हैं। जबकि इससे पहले उन्होंने मजबूत महिला के कई किरदार निभाए थे। फिल्मफेयर से बातचीत में तृप्ति डिमरी ने कहा, मैं एनिमल को एंटी फेमिनिस्ट फिल्म नहीं मानती। मैं फिल्मों को इस तरह के टैग नहीं देती। जब मैंने बुलबुल और कला फिल्में की थीं, तो मैंने नहीं सोचा कि मैं फेमिनिस्ट फिल्म कर रही हूं। मैं सिर्फ किरदारों से जुड़ी और निर्देशकों पर विश्वास किया और मुझे लगा कि यह करना सही है। तृप्ति ने कहा, 'जब एनिमल मुझे ऑफर हुई, तो मैंने संदीप सर से मिलकर कहानी के बारे में ज्यादा नहीं सुना। लेकिन उन्होंने मेरे किरदार के बारे में बताया। मेरे लिए खास बात ये थी कि अब तक मैंने हमेशा अच्छे और प्यारे किरदार किए हैं, जिसमें लोग अंत में सहानुभूति दिखाते हैं। मुझे लगा कि यह एक अच्छा मौका है, जहां मैं कुछ अलग कर सकती हूं।' तृप्ति ने कहा, संदीप सर ने मुझे मेरे किरदार के बारे में एक दिलचस्प बात बताई थी। वह चाहते थे कि मेरी आंखों में मासूमियत और दयालुता दिखाई दें। लेकिन मेरे अंदर एक लक्ष्य होना चाहिए, जिसे मुझे हासिल करना है। उस लक्ष्य तक कैसे पहुंचूं, यह मेरा काम था। ये मुझे एक चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प लगा तो मैंने हां कर दिया।' तृप्ति की मानें तो सिर्फ ये एक कारण नहीं था फिल्म को हां कहने का। बल्कि, हर किसी का सपना होता है बड़ी फिल्म करने का। उस समय तक उन्होंने बुलबुल, कला जैसी फिल्में की थीं, और जो फिल्में उन्हें ऑफर हो रही थीं, वे इसी तरह की थीं। ऐसे में उन्हें लगा कि यह एक बहुत अच्छा मौका है, इसलिए उन्होंने हां कह दिया।



**इन फिल्मों नजर आ चुकी हैं तृप्ति डिमरी:** तृप्ति एनिमल, कला, बुलबुल, बैड न्यूज और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## अजय के साथ काम करने पर बोले अमन देवगन

# मैं शूटिंग के पहले दिन काफी नर्वस था

अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने हाल ही में अपने चाचा अजय के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस शेयर किया है। अमन ने कहा कि वे अजय के साथ काम करते टाइम काफी नर्वस फील कर रहे थे। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की राशा थडानी फिल्म आजाद से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। अमन ने सोमवार को ट्रेलर लॉन्च के समय अपने चाचा के साथ स्क्रीन शेयर करने का किस्सा शेयर करते हुए कहा- 'मैं शूटिंग के पहले दिन ये सोच रहा था कि मेरे सामने लीजेंड अजेय देवगन हैं और इसलिए मैं काफी नर्वस फील कर रहा था। मैं अपने रोल पर भी फोकस नहीं कर पा रहा था। मेरा सारा ध्यान अजय देवगन पर था।' अमन ने शूटिंग के पहले दिन नर्वस होने के बारे में बातते हुए आगे कहा- 'जब हमने पहली बार इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी, तो मैं बहुत नर्वस था। मैं अभी भी काफी नर्वस हूं, लेकिन फिल्म की रिलीज को लेकर एक्साइटेड और खुश हूं। शूटिंग का टाइम हमेशा मुझे याद रहेगा।'

### अमन को हमेशा मोटिवेट करते रहता हूं- अजय देवगन

फिल्म आजद के ट्रेलर लॉन्च के समय अजय देवगन भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अमन जितनी भी मेहनत करता था, जितना काम करता था, मैं हमेशा उससे यही कहता था कि इतना काफी नहीं है अभी और मेहनत की जरूरत है। अजय ने आगे कहा- 'वो हमेशा मुझसे दूर रहता है। मैं हमेशा उसे मोटिवेट करता रहता हूं। अमन को कभी-कभी यह पसंद आता है, कभी-कभी नहीं। लेकिन मैं ऐसा ही हूं और मैं ऐसा ही रहूंगा।' अजय देवगन ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर अमन और राशा को लेकर कहा- 'हम फिल्म आजाद के जरिए दो नए स्टार्स को लॉन्च कर रहे हैं। एक मेरे भतीजे अमन देवगन, जो मेरे बेटे जैसे हैं और दूसरी मेरी को-स्टार रहीं रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी हैं।



### फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म आजाद को रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी इंसानों और जानवरों के बीच के अटूट बंधन पर बेस्ड है। कहानी एक घोड़े पर केंद्रित है, घोड़े का नाम फिल्म में आजाद है। फिल्म में अजय ने एक डाकू का रोल प्ले किया है। आजाद नाम का ये घोड़ा फिल्म में डाकू बने अजय के प्रति वफादार दिखाया है।

**17 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म आजाद:** अमन देवगन और राशा थडानी की फिल्म आजाद 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म से अमन और राशा बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। फिल्म में अजय देवगन, डायना पेंटी और मोहित मलिक भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया। फिल्म आजाद का डायरेक्शन अभिषेक कपूर ने किया है।

# बाइक सवार भाइयों को कार ने मारी टक्कर



**भोपाल।** जहांगीराबाद में एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो भाई घायल हो गए. पुलिस के मुताबिक मोह. इस्माईल (32) तलैया में रहते हैं और निजी कंपनी में नौकरी करते हैं. मंगलवार सुबह करीब दस बजे वह अपने भाई इलियासुद्दीन के साथ बाइक से आईएसबीटी जा रहे थे. दोनों लोग जैसे ही झदा कालोनी के पास पहुंचे, वैसे ही सामने से आ रही तेज रफ्तार करने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. इस हादसे में दोनों भाइयों के हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है. इलियासुद्दीन को गंभीर चोट होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. 000000 ग्राहक बनकर पहुंची महिलाओं ने चुराए जेवरात क्राइम रिपोर्टर भोपाल, 8 जनवरी. एमपी नगर थानांतर्गथ डीबी मॉल स्थित ज्वैलरी के शोरूम से लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी हो गए. सीसीटीवी कैमरे में दो महिलाएं और एक पुरुष दिखाई दिए हैं, जो ग्राहक बनकर पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने सेल्समैन को बातों में उलझाकर जेवरात चोरी कर लिए. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार डीबी मॉल में तनिष्क ज्वैलर्स के शोरूम है. पिछले साल 15 दिसंबर की दोपहर के समय दो महिलाएं और एक युवक शोरूम पर जेवरात खरीदने के बहाने पहुंचे थे. महिलाओं ने यहां कई प्रकार के जेवरात देखे और कुछ देर बाद बगैर कोई खरीददारी किए वापस लौट गईं. बाद में शोरूम के कर्मचारियों ने जब स्टाक का मिलान किया तो सोने के कुछ जेवराद गायब थे. मैनेजर ने जब शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए तो वहीं दोनों महिलाएं और युवक जेवरात चोरी करते हुए दिखाई दिए. इसकी जानकारी कंपनी के प्रबंधन को दी गई और बाद में थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. चोरी गए जेवरातों की कीमत का खुलासा नहीं हो पाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रैफिक पुलिस के साथ नशेले युवकों ने की बदसलूकी




**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने कार में सवार चार युवकों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. आरोपियों ने यातायात व्यवस्था में लगे ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की थी. पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि दो युवक मौके से भाग निकले. जानकारी के अनुसार हरिराम बंसल (59) यातायात थाने में एएसआई हैं. मंगलवार की रात वह पिपलानी पेट्रोल पंप चौराहे पर तैनात थे. उनके साथ मौजूद दो आरक्षक भी यातायात व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे. रात करीब साढ़े सात बजे एक कार में सवार चार युवक चौराहे पर पहुंचे और पुलिस वालों को दिखाने हुए शराब पीने लगे. मौके पर तैनात आरक्षक कार के पास पहुंचा तो चारों वहां से भाग निकले. कुछ देर बाद चारों ने कार को दूर खड़ा किया और आरक्षक के पास पहुंच गए. युवकों का कहना था कि उनकी कार को रोकने की हिम्मद कैसे हुई. आरक्षक ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो वह झूमाझटकी पर उतर आए. यह देख दूसरा आरक्षक और एएसआई हरिराम पहुंचे. उन्होंने चारों को समझाने का प्रयास किया तो वह एएसआई के साथ भी बदसलूकी करने लगे. इस पर पुलिस वालों ने दो युवकों को दबोच लिया, जबकि उनके दो साथी वहां से भागे और कार लेकर गायब हो गए. प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि चारों युवक निजी कालेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं वह कहीं से शराब पीकर लौट रहे थे और चौराहे पर लगे सिग्नल पर आरक्षक ने उनकी कार को रुकने का इशारा किया था।

### सेंट्रल जेल की सुरक्षा में भारी चूक, बारीकी से जांच

# हाई सिक्योरिटी वाली बैरक के पास पड़ा मिला ड्रोन कैमरा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भोपाल की सेंट्रल में सुरक्षा को लेकर भारी लापरवाही सामने आई है. 26 जनवरी से पहले जेल के अंदर एक ड्रोन कैमरा मिला है. यह कैमरा हाई सिक्योरिटी बैरिक से करीब दो सौ मीटर दूर उस स्थान पर मिला, जहां पर नई बैरिक बनाई जा रही है।**



ड्रोन कैमरा मिलने के बाद जेल विभाग और भोपाल पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई है. प्रारंभिक जांच में ड्रोन के कैमरे में किसी प्रकार की संदिग्ध जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसकी टेक्निकल जांच कराई जा जाएगी. बताया जाता है कि यह ड्रोन चाइना मेड है, जिसे बच्चे खिलौने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बताया कि केंद्रीय जेल परिसर स्थित (ब) खंड हाई सिक्योरिटी जोन में आता है. यहां पर खूंखार कैदी और कुख्यात आतंकी बंद हैं. इस बैरिक के पास स्थित हनुमान मंदिर के पीछे नई बैरिकों का निर्माण कार्य चल रहा है।

बुधवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे एक जेल प्रहरी राउंड लगाने पहुंचा था. हाई सिक्योरिटी जोन से करीब दो सौ मीटर दूर खोदे गए गड्ढे के पास उसे एक संदिग्ध वस्तु दिखाई दी. वह नजदीक पहुंचा तो पता चला कि वह ड्रोन कैमरा था।

इसकी सूचना सिपाही ने तत्काल ही जेल प्रबंधन और वरिष्ठ अधिकारियों को दी. बरामद हुए ड्रोन की जांच शुरू ड्रोन कैमरा मिलने पर जेल प्रबंधन और अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए. वह तत्काल ही जेल पहुंचे और ड्रोन की जांच शुरू की. प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि ड्रोन के अंदर बैटरी लगी हुई है और दो कैमरे भी फिट थे।

इन्हें रोजाना सुबह ढाई घंटे और शाम को एक घंटे के लिए बैरिक से बाहर निकाला जाता है, ताकि वह अपने दैनिक काम कर सकें. इन आतंकियों पर दो प्रहरी हर समय नजर रखते हैं. बताया जाता है कि आतंकी कामरान, अबू फैजल, शिबली और कमरुद्दीन को छोड़कर बाकी सभी 65 आतंकियों को जेल मैन्युअल के हिसाब से परिजनों से मिलने की और कैंटीन की सुविधा मिलती है. पुलिस ने शुरू की जांच जेल के अंदर ड्रोन की सूचना मिलते ही गांधी नगर पुलिस की टीम तत्काल ही घटनास्थल पहुंच गई थी. टीम ने इस मामले की जांच भी शुरू कर दी है. पुलिस आसपास के इलाके में मौजूद सॉफ्टवेयर टेक्नालॉजी पार्क के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई व्यक्ति ड्रोन का परीक्षण तो नहीं कर रहा था. उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सेंट्रल जेल में बंद हैं 69 आतंकी

इन कैमरों के अंदर किया रिकार्ड हुआ है, इसका खुलासा नहीं किया गया है. ड्रोन में बाकायदा लाईटें भी लगी हुई थी. जेल अफसरों का अनुमान है कि यह चाइना मेड ड्रोन है, जिसे बच्चे खेलने के लिए इस्तेमाल करते हैं. सेंट्रल जेल में बंद हैं 69 आतंकी भोपाल स्थित सेंट्रल जेल में स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, हिज्ब उत तहरीर और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया जैसे संगठनों से जुड़े कुल 69 आतंकवादी बंद हैं।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करवाने बांटे पंपलेट्स



### चैकिंग के दौरान 164 के चालान भी काटे

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सड़क हादसों में कमी लाने और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है. बुधवार को यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहन चालकों को पंपलेट्स बांटकर नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया. चैकिंग के दौरान कुल 164 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई है. यातायात पुलिस द्वारा पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा, रेतघाट तिराहा, रोशनपुरा चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को पंपलेट्स बांटे. इस दौरान लापरवाह वाहन चालकों को समझाईश और चेतावनी भी दी गई. लोगों से अपील की गई कि वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पूरी तरह से पालने करें, जिससे सड़क हादसों से बचा जा सके. दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने, वाहन चलाते समय मोबालि का इस्तेमाल नहीं करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बिठाने, ओवर स्पीडिंग और स्टंटबाजी नहीं करने, ट्रैफिक सिग्नल जंप करने से बचने समेत यातायात से जुड़ी जरूरी जानकारियां दी गई. चैकिंग के दौरान हुई चालानी कार्रवाई सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों और तिराहों पर चैकिंग भी की जा रही है. इस दौरान बिना हेलमेट के 79, बिना सीटबेल्ट के 27, तीन सवारी 07 एवं तेज गति वाले 04 सहित अन्य कुल 164 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# सीने में चाकू घोंपकर युवक की हत्या

### आरोपी सगे भाई गिरफ्तार, चाकू बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अशोका गार्डन इलाके में रहने वाले सगे भाइयों ने एक युवक के सीने में चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी. आरोपियों का किसी दूसरे व्यक्ति के साथ विवाद हुआ था. उन्हें लगा कि उक्त युवक को झगड़े के लिए बुलाया गया है, इसलिए दोनों उस पर टूट पड़े. पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है. पुलिस के मुताबिक बंदायू उत्तर प्रदेश निवासा राहुल पाल (21) करीब दो महीने पहले काम के लिए भोपाल आया था. वह सुभाष कालोनी में अपने चचेरे भाई सुरजीत पाल के साथ रहता था और औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक गुटखा फैक्टरी में काम करता था. इसी फैक्टरी में काम करने वाले लोकेश सूर्यवंशी और उसका भाई भूपेंद्र सूर्यवंशी भी सुभाष कालोनी में रहते हैं. इन दोनों भाइयों का एक ठेकेदार श्यामलाल के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो शांत करवा दिया गया था. मंगलवार रात किया युवक पर हमला मंगलवार की रात दोनों भाइयों ने शराब पी रखी थी. इधर पास ही रहने वाला राहुल पाल खाना खाने के बाद अपने दोस्त के साथ टहलने के लिए निकला था. उसे भाइयों के बीच हो रही आपसी कहासुनी की आवाज आई तो वह उनके कमरे के पास गली में पहुंच गया. लोकेश और भूपेंद्र को लगा कि वह विवाद करने आया है, इसलिए एक भाई ने उसके सीने में चाकू घोंप दिया और दूसरे ने मारपीट कर दी. बचने के लिए राहुल ने दौड़ लगाई, लेकिन कुछ दूर जाकर वह जमीन पर गिर पड़ा. उसके बाद दोनों भाई वहां से भाग निकले. अस्पताल में डाक्टरों ने मृत घोषित किया गंभीर रूप से घायल हुए राहुल को साथियों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा और दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया. बाद में घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उनके पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया है.



**मेट्रो एंकर** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा गठित टास्क फोर्स

# बोरवेल की घटनाओं को लेकर टास्क फोर्स का प्रशिक्षण

### विभिन्न विभागों के अधिकारी हुए शामिल

भोपाल, दोपहर मेट्रो




मध्यप्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा गठित टास्क फोर्स के लिए बोरवेल रेस्क्यू तकनीक एवं मैनेजमेंट विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के कार्यपालन संचालक ओपी श्रीवास्तव (आईएएस) के मार्गदर्शन में किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम के निदेशक डॉ. सुधीर द्विवेदी ने वर्तमान में बोरवेल में बच्चों के गिरने की बढ़ती हुई घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में व्यावहारिक रूप से आने वाली अड़चनों एवं उचित प्रबंधन हेतु आवश्यक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के राजस्व, फायर, पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य इत्यादि विभागों के लगभग 31 अधिकारियों ने भाग लिया. तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिये।

इसमें राधौगढ़, गुना जिले के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) विकास कुमार आनंद ने गुना में हुई बोरवेल की घटना से संबंधित विस्तृत केस स्टडी का प्रस्तुतीकरण किया. प्रशिक्षण समन्वयक एवं संस्थान की सहायक संचालक प्रियंका सक्सेना ने बोरलवे दुर्घटना प्रबंधन से संबंधित मानक पद्धतियों (एसओपी) पर प्रकाश डाला. मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उप संचालक डॉ. दिलीप सिंह ने बोरवेल के परिपेक्ष्य में टेक्नोलीगल एवं जियोलॉजिकल एस्पेक्ट्स पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्द्धन किया।

कार्यक्रम में अन्य विशेषज्ञों ने बोरवेल रेस्क्यू टेक्नीक पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्द्धन किया तथा केस स्टडी पर चर्चा की।

टास्क फोर्स प्रतिभागियों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के विशेषज्ञों ने रेस्क्यू आपरेशन पर सुझाव दिये एवं सेंटर पर जाकर विभिन्न उपकरणों से परिचय कराया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मध्यप्रदेश में इस प्रकार की बढ़ती हुई घटनाओं के लिए बनाई गई टास्क फोर्स की समन्वय एवं बचाव कार्य मे क्षमता वृद्धि करना था. बुधवार को कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्र.क्र. 0024/अपील/2024-25

क्रमांक/ रीडर/अपर कले./ 2024 नर्मदापुरम, दिनांक 02/01/2025
सुन्दरलाल पालीवाल वल्द नारायणलाल पालीवाल
निवासी हरपालपुर,तहसील सिवनी मावला,
जिला-नर्मदापुरम ............................................... अपीलार्थी
बनाम
सर्वसाधारण ............................................... अनावेदकगण

एतद द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक/अपीलार्थी सुन्दरलाल पालीवाल वल्द नारायण पालीवाल निवासी ग्राम हरपालपुर तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा के प्रकरण क्र. 0016/अ-6 (अ)/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 22/12/2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की है।

अपीलार्थी व्दारा समक्ष प्रस्तुत आवेदन में मौजा ग्राम आयपा तहसील सिवनी मालवा स्थित भूमि ख.नं. 147/1 रकबा 12.14 हे0 भूमि रिक्त दर्ज है। ख.नं. 147/1 रकबा 12.140 हे0 श्री नर्मदाजी मंदिर आयपा घाट प्रबंधक जिला अध्यक्ष होशंगाबाद सवराकार नर्मदीबाई व अन्य के नाम दर्ज रही है परंतु वर्ष 2011 से दर्ज नहीं है। राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश ख.नं. 147/1 रकबा 12.140 हे0 सुखराम पिता रेवाराम जादम निवासी आयपा के नाम दर्ज है, जो कि बिना किसी संशोधन के दर्ज है, जो केवल एक रिकार्ड त्रुटि है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन/अपील की सूचना उपरोक्त समाचार पत्र के माध्यम से की जा रही है। उक्त अपील प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर नर्मदापुरम में सुनवाई हेतु दिनांक 22/01/2025 दिन बुधवार को नियत किया गया है।

अत: उक्त प्रकरण से संबंधित किसी हितबद्ध पक्षकारों को आपत्ति हो अथवा सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता हो तो वह नियत तिथी पर न्यायालय उपस्थित समक्ष में प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि/तिथी के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावे।

(डी. के. सिंह)
अपर कलेक्टर जिला नर्मदापुरम

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022